



देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण



Web Site: www.janjanjagran.com | झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित | झांसी, गुरूवार 13 मार्च 2025 | वर्ष-13 अंक-211 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए



## ब्रीफ न्यूज

### संभल की जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई होगी

**प्रयागराज।** संभल की जामा मस्जिद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रंगाई-पुताई की मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने कहा- मस्जिद कमेटी मस्जिद की बाहरी दीवारों में ही रंगाई-पुताई करवा सकती है। रमजान के दौरान मस्जिद में लाइटिंग भी करवा सकती है, लेकिन इस दौरान ढांचे को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने बुधवार को यह आदेश सुनाया। 25 फरवरी को जामा मस्जिद कमेटी के वकील जाहिर असगर ने मस्जिद की रंगाई-पुताई के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कहा था- हम लोग हर साल रमजान से पहले मस्जिद की रंगाई-पुताई करते हैं, लेकिन इस बार प्रशासन अनुमति नहीं दे रहा है। हिंदू पक्ष रंगाई-पुताई का विरोध कर रहा था। उनका कहना था- रंगाई-पुताई से मंदिर के साक्ष्य मिटाए जा सकते हैं, इसलिए परमिशन न दी जाए।

### सीमा पर फायरिंग, एक जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू में राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में सीमा पार से हुई गोलीबारी में सेना का एक जवान घायल हो गया। जवान की पहचान मन कुमार बेगा के रूप में हुई है। वह गोरखा रेजीमेंट का है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बॉर्डर पार से स्नाइपर अटैक हुआ है। एलओसी पर ब्लास्ट भी हुआ, जिसके बाद तीन राउंड फायरिंग हुई। फिलहाल सेना ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। पिछले 20 दिनों में एलओसी पर फायरिंग की ये पहली घटना है। दरअसल 21 फरवरी को भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच फ्लैग मीटिंग हुई थी। यह मीटिंग पुंछ सेक्टर के चाका दा बाग में आयोजित की गई थी। जिसमें दोनों सेनाओं के ब्रिगेडियर रैंक के अधिकारी शामिल हुए थे।

### यूनिवर्सिटी के खाने में मिला ब्लेड

**हैदराबाद।** हैदराबाद के उस्मानिया यूनिवर्सिटी के न्यू गोदावरी हॉस्टल के खाने में रेजर ब्लेड मिला। घटना मंगलवार रात की है। ब्लेड मिलने के बाद गुस्साए छात्र सब्जी का बर्तन और प्लेट लेकर यूनिवर्सिटी के मेन गेट पर विरोध प्रदर्शन करने लगे। छात्रों ने प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए और कहा कि यूनिवर्सिटी उनके जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है। साथ ही कुलपति प्रो. एम. कुमार और चीफ वार्डन सहित विश्वविद्यालय प्राधिकारियों से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की। छात्रों के अनुसार, खाने में पहले भी कई बार कीड़े और कांच के टुकड़े मिल चुके हैं। दो दिन पहले गोभी की सब्जी में कीड़े पाए गए थे। शिकायत करने के बाद भी इसे लेकर कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा है।

### दिल्ली में कई बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने साउथ ईस्ट और साउथ दिल्ली से एक ऑपरेशन के दौरान 12 से ज्यादा बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। ये बांग्लादेशी अवैध तरीके से भारत में घुसे थे। इनके पास से कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। दिल्ली पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस के दक्षिणी जिले में 13 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जो अवैध तरीके से भारत में रह रहे थे। इन सभी को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि दिल्ली में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन जारी है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान इन बांग्लादेशियों के पास से कई अवैध कागजात भी बरामद किए हैं।

### नाले का पानी पीने से 6 बच्चे बीमार

**बड़वानी।** बड़वानी जिले के पानसेमल तहसील के ग्राम मनकुई में 6 बच्चे बीमार हो गए हैं। मापती फलिया के इन बच्चों को पानसेमल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीमार बच्चों में शंकर (8), सुमन (6), मंगिता (8), आशा (6), प्रियंका (6) और अरुण (7) शामिल हैं। सोमवार रात 8 बजे बच्चों की तबीयत बिगड़ी। गाड़ी नहीं मिलने के कारण उन्हें रात में अस्पताल नहीं ले जाया जा सका।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मॉरीशस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

### पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय



**नई दिल्ली।** मॉरीशस ने प्रधानमंत्री मोदी को ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार और की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित करने की घोषणा की है। इसके साथ ही ये किसी देश द्वारा पीएम मोदी को दिया जाने वाला 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है।

मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन देने की घोषणा की। पीएम मोदी मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान पाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। रामगुलाम ने पोर्ट लुईस में भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम में ये घोषणा की।


प्रधानमंत्री श्री मोदी आज दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे, जहां उनका स्वागत रामगुलाम ने किया। दोनों नेताओं ने हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से गले मिलकर अभिवादन किया। पीएम श्री मोदी कल मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह के मुख्य अतिथि रुप में शामिल होंगे। भारतीय नौसेना के एक युद्धपोत के साथ भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी समारोह में भाग लेगी। इसके अलावा वह द्वीप राष्ट्र में लोकतंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से नई प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की घोषणा भी करेंगे।

पीएम श्री मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखुल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मॉरीशस के राष्ट्रपति को कई चीजें भेंट की है, जिसमें महाकुंभ से संगम का जल और सुपर फूड मखाना भी शामिल है। इसके अलावा पीएम श्री मोदी ने गोखुल की पत्नी वृंदा गोखुल को बनारसी सिल्क की साड़ी भी भेंट की है।

मॉरीशस के राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति धर्मबीर गोखूल के साथ बहुत अच्छी मुलाकात हुई। वे भारत और भारतीय संस्कृति से अच्छी तरह परिचित हैं। मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होने के लिए मुझे आमंत्रित करने के लिए आभार व्यक्त किया। हमने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की. एक अन्य ट्वीट में पीएम श्री मोदी ने कहा, ये सराहनीय है कि मॉरीशस के स्टेट हाउस में आयुर्वेदिक गार्डन बनाया गया है। मुझे इस बात की भी खुशी है कि मॉरीशस में आयुर्वेद की लोकप्रियता बढ़ रही है। राष्ट्रपति धर्मबीर गोखूल और मैं आयुर्वेदिक गार्डन गए, जिससे मुझे इसे प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिला।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 साल बाद मॉरीशस के दौरे पर पहुंचे हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साल 2015 मार्च में मॉरीशस गए थे। उस वक्त भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल हुए थे। मॉरीशस और भारत का पुराना रिश्ता रहा है। यहां की कुल आबादी का लगभग 70 फीसदी लोग भारतीय मूल के हैं।

## रूस-यूक्रेन का युद्ध समाप्त होने के आसार बढ़े, ट्रंप बोले- पुतिन भी हो जाएंगे तैयार



**वॉशिंगटन।** रूस-यूक्रेन का युद्ध बीते तीन सालों से लगातार चल रहा है। इस बीच शांति के लिए यहां कई प्रयास किए गए है लेकिन सफलता नहीं मिली। लेकिन अब युद्ध के खत्म होने के आसार बढ़ गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन द्वारा रूस के साथ युद्धविराम पर सहमति जताने का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि पुतिन भी इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देंगे। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान दोनों पक्षों पर हो रही भारी संख्या में सैनिकों और नागरिकों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए ट्रंप ने कहा कि यह युद्ध अब खत्म होना चाहिए और युद्धविराम बहुत महत्वपूर्ण है।

ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि सऊदी अरब के जेद्दा में अमेरिका-यूक्रेन बैठक के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की को व्हाइट हाउस में फिर से आमंत्रित किया गया है। जब ट्रंप से पत्रकारों ने पूछा कि क्या ज़ेलेंस्की को व्हाइट हाउस में वापस आमंत्रित किया जाएगा, तो उन्होंने कहा जरूर, बिल्कुल।

उन्होंने कहा, यूक्रेन ने युद्धविराम पर सहमति दे दी है। थोड़ी देर पहले इसे मंजूरी मिली थी। अब हमें रूस से संपर्क करना है। उम्मीद है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतीन भी इस पर सहमत होंगे। शहरों में धमाके हो रहे हैं और लोग मारे जा रहे हैं। हम चाहते हैं कि यह युद्ध खत्म हो। यह एक पूर्ण युद्धविराम होगा। यूक्रेन ने इस पर सहमति दे दी है और उम्मीद है कि रूस भी सहमत होगा। युद्धविराम बहुत महत्वपूर्ण है। यदि हम रूस को इस पर सहमत करवा सकें तो यह बहुत अच्छा होगा। यदि हम ऐसा नहीं कर पाते हैं तो हम इसके लिए प्रयास करते रहेंगे। बता दें कि यूक्रेन ने अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार किया है, जिसमें 30 दिनों के युद्धविराम की बात की गई थी। जेलेंस्की ने रूस के साथ तुरंत बातचीत करने की भी सहमति दी थी। मंगलवार को यूक्रेनी अधिकारियों के साथ बैठक में ट्रंप के सलाहकारों ने और अधिक दबाव डाला और यूक्रेन ने युद्धविराम पर सहमति जताई। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा, आज हमने एक प्रस्ताव रखा जिसे यूक्रेन ने स्वीकार किया है। यह युद्धविराम और तत्काल वार्ता की शुरुआत करेगा। रुबियो ने सोशल मीडिया पर कहा कि यूक्रेन का युद्धविराम के लिए तैयार होना स्थायी शांति के करीब एक कदम था।

## दुनिया के कई देशों में भारतीय रुपये की जबदस्त वैल्यू

**नई दिल्ली।** आमतौर पर लोग रुपये की तुलना डॉलर से करते हैं और यह मानते हैं कि रुपया कमजोर मुद्रा है। लेकिन दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां भारतीय रुपये की जबरदस्त वैल्यू है और वहां कम खर्च में शानदार यात्रा का आनंद लिया जा सकता है। ईरान भारतीय यात्रियों के लिए सबसे किफायती देशों में से एक है। यहां की आधिकारिक मुद्रा ईरानी रियाल है और एक भारतीय रुपया 481 ईरानी रियाल के बराबर है। यानी अगर आप 10,000 रुपये लेकर ईरान जाते हैं तो वहां कई दिनों तक आराम से घूम सकते हैं और शानदार खरीदारी कर सकते हैं। इसी तरह वियतनाम में भारतीय रुपये की वैल्यू काफी अधिक है। 1 रुपया यहां 303.62 वियतनामी डोंग के बराबर है, जिससे यहां की यात्रा काफी सस्ती हो जाती है। लाओस और इंडोनेशिया भी भारतीय पर्यटकों के लिए बजट-फ्रेंडली डेस्टिनेशन हैं।

लाओस में 1 रुपया 265.47 लाओटियन किप के बराबर है, जबकि इंडोनेशिया में 1 रुपया 193.92 इंडोनेशियाई रुपिया के बराबर मिलता है। परागुआ भी एक ऐसा देश है जहां भारतीय मुद्रा की मजबूत स्थिति देखने को मिलती है।

## बीएसएफ जवानों का वाहन खाई में गिरा, 3 की मौत, 13 घायल



### मणिपुर में बेस कैंप लौट रहा वाहन हुआ हादसे का शिकार

**इंफाल।** मणिपुर के सेनापति जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जहां बीएसएफ जवानों को ले जा रहा एक वाहन गहरी खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में 03 जवानों की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी अनुसार मणिपुर के सेनापति जिले में बीएसएफ जवानों को ले जा रही गाड़ी अचानक खाई में जा गिरी। इस हादसे में 03 जवानों की मौत हो गई, जबकि 13 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दर्दनाक हादसा इंफाल-दीमापुर नेशनल हाईवे पर चांगौबंग गांव के करीब शाम 4 बजे हुआ। हादसे का शिकार हुए सभी जवान एक ही बटालियन के बताए गए हैं। इनकी तैनाती नगालैंड के झादिमा में रही जबकि मणिपुर के हालात बिगड़ने के बाद इन्हें राज्य में तैनात किया गया था। बताया जा रहा है कि हादसा तब हुआ जबकि जवान अपनी क्यूआरटी ड्यूटी पूरी करने के बाद कांगपोकपी से आईआईआईटी, मयांगखांग स्थित बेस कैंप में वापस लौट रहे थे। सूत्रों की मानें तो गाड़ी ओवरलोडेड थी, और चालक का संतुलन बिगड़ जाने के बाद वाहन गहरी खाई में गिर गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और सुरक्षाबल मौके पर पहुंचे। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रशासन ने हादसे के कारणों की जांच के आदेश दे दिए हैं।

## निर्वाचन क्षेत्र की सीमाएं दोबारा निर्धारित करने की प्रक्रिया है परिसीमन

### भारत में इसकी शुरुआत 1951 की पहली जनगणना से शुरू हुई थी

**नई दिल्ली।** दक्षिण भारत के अधिकतर राज्य संसदीय सीटों के लिए प्रस्तावित परिसीमन का विरोध कर रहे हैं। परिसीमन के तहत लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाई जानी है क्योंकि देश की जनसंख्या बढ़ने से एक सांसद जितने लोगों को रिप्रजेंट कर सकता है उससे कहीं ज्यादा लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहा है। परिसीमन कर जनसंख्या के आधार पर लोकसभा और राज्य विधानसभा में निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं का फिर से निर्धारण किया जाएगा। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने इस पर कड़ा विरोध जताया है।

निर्वाचन क्षेत्र की सीमाएं दोबारा निर्धारित करने की प्रक्रिया को परिसीमन कहलाती है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि लोकतंत्र में आबादी का सही प्रतिनिधित्व हो सके और सभी को समान अवसर मिल सकें। इसलिए लोकसभा या विधानसभा सीटों के क्षेत्र को दोबारा से परिभाषित या उनका पुनर्निधारण किया जाता है। चुनावी प्रक्रिया को ज्यादा लोकतांत्रिक बनाने के लिए परिसीमन जरूरी है। हर राज्य में समय के साथ जनसंख्या में बदलाव होते हैं, ऐसे में बढ़ती जनसंख्या के बाद भी सभी का समान प्रतिनिधित्व हो सके, इसलिए निर्वाचन क्षेत्र का पुनर्निधारण होता है।

बढ़ती जनसंख्या के मुताबिक निर्वाचन क्षेत्रों का सही तरीके से विभाजन हो सके, ये भी परिसीमन प्रक्रिया का अहम हिस्सा है। इसका उद्देश्य भी यही है कि हर वर्ग के नागरिक को प्रतिनिधित्व का समान अवसर मिले। चुनाव के दौरान आरक्षित सीटों की बात कई बार की जाती है। जब भी परिसीमन किया जाता है, तब अनुसूचित वर्ग के हितों को ध्यान में रखने के लिए आरक्षित सीटों का भी निर्धारण करना होता है।

संविधान में प्रावधान किया गया है कि हर परिसीमन के लिए जनगणना के बाद नए आंकड़ों का इस्तेमाल किया जाएगा। भारत में परिसीमन की यह परंपरा 1951 की पहली जनगणना से शुरू हुई, जब संविधान के तहत पहली बार परिसीमन आयोग गठित किया गया था।

### अंतरराष्ट्रीय सोना तस्करी नेटवर्क में एक छोटा मोहरा अभिनेत्री रान्या राव, बड़े नामों की तलाश में जांच एजेंसी

**तुमकुर।** कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव का नाम अंतरराष्ट्रीय सोने की तस्करी नेटवर्क में सामने आ रहा है। जांच में पता चला है कि वे दुबई से बेंगलुरू तक सोना लाने के लिए भारी कमीशन लेती थीं और एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह से जुड़ी थीं। अधिकारियों के अनुसार, रान्या सरगनाओं के इशारे पर काम कर रही थीं और संगठित अपराध का नेटवर्क काफी गहरा था। जांच एजेंसी सूत्रों के अनुसार, रान्या राव के पास 17.29 करोड़ रुपये का सोना खरीदने की क्षमता नहीं थी, इससे शक और गहरा हो गया। जांच से सामने आया कि उन्हें प्रति किलोग्राम सोने की तस्करी पर 4 से 5 लाख रुपये का कमीशन दिया जाता था। गिरोह ने रान्या को इसलिए चुना, क्योंकि वे एक आईपीएस अधिकारी की बेटी थीं।

## यूपी में होली से पहले मस्जिदों को तिरपाल से ढंका

### 10 जिलों में जुमे की नमाज का वक्त बदला, संभल-शाहजहांपुर में हाई अलर्ट

**शाहजहांपुर।** इस बार होली 64 साल बाद रमजान के जुमे के दिन है। इससे पहले 1961 में 4 मार्च को होली और रमजान का शुक्रवार (जुमा) साथ-साथ था। रंग में भंग न पड़ जाए, इसके लिए उत्तर प्रदेश में पुलिस प्रशासन अलर्ट है। प्रदेश के 10 जिलों में जुमे की नमाज का वक्त बदल दिया गया है।

मस्जिदों को रंग-गुलाल से बचाने के लिए तिरपाल से ढंक दिया गया है। शाहजहांपुर में सबसे ज्यादा 67 मस्जिदों को तिरपाल और पन्नी से ढंका गया है। यहां लाट साहब के जुलूस के लिए पुलिस संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर रही है। एक हजार से ज्यादा पुलिस जवान दूसरे जिलों से आए हैं।

#### शाहजहांपुर- 300 साल पुरानी जूता मार होली की परंपरा

शाहजहांपुर में जूता मार होली खेलने की परंपरा 300 सालों से चली आ रही है। होली के दिन यानी 14 मार्च को लाट साहब का लंबा-चौड़ा जुलूस निकलेगा। इसमें एक व्यक्ति को लाट साहब बनाकर भैंसा गाड़ी पर बिठाया जाता है। लोग उस पर रंग, जूते-चप्पल बरसाते हैं। शाहजहांपुर में लाट साहब के दो जुलूस निकाले जाते हैं, जिन्हें छोटे और बड़े लॉट साहब कहा जाता है। कोतवाल लाट साहब को सलामी देकर नेग देते हैं, इसके बाद जुलूस रोशनगंज, बेरी चौकी, अंटा चौराहा होते हुए थाना सदर बाजार क्षेत्र में प्रवेश करता है। बाबा विश्वनाथ मंदिर पर जुलूस खत्म हो जाता है। चौक से निकलने वाले इस जुलूस का रूट करीब 8 किलोमीटर का होता है। इसलिए रास्ते की 67 मस्जिदों और मजारों को तिरपाल से ढंका गया है। जिससे उन पर रंग और गुलाल न पड़े।

#### नमाज का वक्त बदला

होली का त्योहार शांति से संपन्न कराने के लिए एसपी राजेश एस और डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह लगातार रूट मार्च कर रहे हैं। आईजी, एडीजी और कमिश्नर तक जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर चुके हैं। पूरे जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जाएगी। जुलूस वाले मार्ग पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

एक हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी दूसरे जनपदों से बुलाए गए हैं। इनमें 212 महिला कॉन्स्टेबल, 30 इंस्पेक्टर और 250 सब इंस्पेक्टर शामिल हैं। इसके अलावा दो कंपनी आरएएफ और दो कंपनी पीएसी भी जिले में तैनात की जाएगी। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट पर नजर रखने के लिए 9702 वॉलंटियर्स भी तैनात किए गए हैं। शाहजहांपुर में लाट साहब के जुलूस मार्ग में पड़ने वाली मस्जिदों में जुमे की नमाज पौने 2 बजे होगी। शहर इमाम हुजूर अहमद मंजरी ने बताया- जामा मस्जिद में सवा एक बजे नमाज होती थी। अब शुक्रवार को पौने 2 बजे नमाज होगी। बहादुरगंज स्थित मस्जिद में भी दो बजे का समय किया गया है। शहर इमाम ने सभी से मिल-जुलकर होली पर्व मनाने की अपील की है।

## भारतीय शेयर बाजार को लेकर मॉर्गन स्टेनली ने किया दांवा

### दिसंबर में 1,00,000 के पार जाएगा सेंसेक्स...

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में जियोपॉलिटिकल टेंशन और डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ खतरे के बीच भारत समेत दनियाभर के बाजारों में दबाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिका में ट्रंप की नीतियों की वजह से आर्थिक मंदी का संकट छाने लगा है। भारतीय बाजार पिछले साल सितंबर से टूट रहा है और लगातार बिकवाली हो रही है। निवेशक मार्केट से डरे हुए हैं। इसी बीच, मॉर्गन स्टेनली के एनालिस्ट मानना है कि सेंसेक्स 100000 के पार कर सकता है।

मॉर्गन स्टेनली के एनालिस्ट का कहना है कि सेंसेक्स में मौजूदा स्तर से करीब 41 फीसदी तेजी की उम्मीद है। एनालिस्ट का कहना है कि सेंसेक्स 105,000 के पार दिसंबर 2025 तक जा सकता है। एनालिस्ट के मुताबिक, भारतीय बाजारों में रिस्क के मुकाबले मुनाफे की संभावनाएं बढ़ रही हैं। उनका अनुमान है कि सामान्य स्थिति में दिसंबर 2025 तक सेंसेक्स 93,000 के स्तर पर होगा। यह मौजूदा स्तर से लगभग 25 फीसदी ज्यादा होगा।

#### 70 हजार पर भी आ सकता है सेंसेक्स

वहीं एनालिस्ट का यह भी मानना है कि मंदी जैसी स्थिति पैदा हुई और हालात और भी ज्यादा खराब हुए तो सेंसेक्स 6 फीसदी गिरकर 70,000 के स्तर पर भ आ सकता है। मॉर्गन स्टेनली में भारत रिसर्च प्रमुख रिद्धम देसाई ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि भारतीय शेयर बाजारों में बिकवाली का रुख दिख रहा है। ऐसे में अब निवेशकों के लिए चुनिंदा शेयरों में निवेश करने का अच्छा मौका है।

#### किन सेक्टर्स में मौके

देसाई का मानना है कि निवेश के लिहाज से सिक्लिकल शेयर, डिफेंस शेयरों, स्मॉलकैप, मिडकैप और लार्जकैप शेयरों में तेजी का रुख बना रहेगा। अगर अलग-अलग सेक्टर की बात करें तो मॉर्गन स्टेनली ने फाइनेंशियल, कंज्यूमर, इंडस्ट्रियल और टेक्नोलॉजी सेक्टर को लेकर पॉजिटिव संकेत दिया है।

## » न्यूज कैप्सूल »

### मोटरसाइकिल से गिरकर 45 वर्षीय युवक घायल

**समथर।** समथर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बेलमा कला निवासी अरविन्द पुत्र परसुराम मोटर साइकिल यू पी 93 ए आर 5816 से ग्राम कड़ूरा की ओर जा रहा था कि अचानक मोटर साइकिल असंतुलित हो गई जिससे वह सड़क पर फिसल कर गिर गया जिससे वह घायल हो गया खेत पर काम कर रहे लोगों ने आकर अरविन्द को देखा और समथर थाने में सूचना दी मौके पर समथर उपनिरीक्षक शिववीर सिंह व अशोक कुमार एव कांस्टेबल लोकेन्द सिंह मौके पर पहुंचे और घटना कि तत्काल सूचना परिजनों को दी। परिजन घायल युवक को अपने साथ इलाज के लिए ले गए

### छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**मऊरानीपुर।** अज्ञात कारणों के चलते ग्राम खिलारा में चौकीदार के13 वर्षीय पुत्र विवेक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जानकारी के अनुसार ग्राम खिलारा निवासी मुकेश बरार ने बताया कि उसका पुत्र विवेक गांव के सरकारी स्कूल में कक्षा 7 में पढ़ता था उसने अज्ञात कारणों के चलते एकांत में रात के समय फांसी लगा ली जिसकी जानकारी परिजनों को अगली सुबह हुई तो उसे समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया

### बाजार में होली के आइटमों की हो रही है खरीदारी

**मऊरानीपुर।** बाजार में होली रंग बिखरने लगे हैं खरीदारी को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है दुकानों पर एक से बढ़कर एक नए-नए होली खेलने के लिए उत्पाद उपलब्ध है बाजार में आई गुलाल गन से इस बार जमकर रंगों की बौछार करेंगे और खरीदारों को गुलाल खन खूब पसंद आ रही है वही बच्चों के लिए सुंदर व आकर्षक पिचकारियों की मांग भी कुछ कम नहीं है होली के त्योहारों को लेकर बाजार में रंगो एवं गुलाल के साथ-साथ गिफ्ट पैक भी जमकर बिक रहे हैं इस बार बच्चों के लिए तरह-तरह की पिचकरिया दुकानों पर सजी हुई है और नए-नए डिजाइन के आइटम लोगों में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं इस बार रंगों के पटाखे चलने वाले आइटमों की बिक्री भी हो रही है दुकानों पर गुलाल गन लड्डू गोपाल की पिचकरिया गुलाल गिफ्ट पैक म्यूजिकल पिचकारी गुलाल सिलेंडर होली मार्क्स मिकी माउस बाटर ट्रैक एवं खुशबू वाले प्राकृतिक रंग गुलाल की बिक्री हो रही है।

### युवक व महिला ने खाया जहर

**मऊरानीपुर।** जहरीले पदार्थ के सेवन से एक युवक व एक महिला की हालत बिगड़ गई जानकारी के अनुसार हरिओम पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम काकरवारा थाना टोड़ी फतेहपुर रानी पत्नी नारायण दास निवासी ग्राम घाट कोटरा को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि जहरीले पदार्थ के सेवन से हालात बिगड़ गई प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया

### कीड़े के काटने से युवती की हालत खराब

**मऊरानीपुर।** अज्ञात जहरीले कीड़े के काटने से यह युवती की हालत बिगड़ गई जानकारी के अनुसार कृष्णा पुत्री मनका निवासी ग्राम टेहरका जिला टीकमगढ़ को गंभीर अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि अज्ञात कीड़े के काटने से हालत बिगड़ गई।

### टैक्सियों के जमा वाले से स्टेशन का मुख्य द्वार बैंडिट हो जाता है

**मऊरानीपुर।** रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर ट्रैक्सियो चालकों ने पूरी तरह से कब्जा जमा लिया है जिसकी वजह से रेलवे स्टेशन में यात्रियों को प्रवेश करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ट्रेन के आने के समय यह स्थिति और भी अधिक खराब बन जाती है झांसी खजुराहो राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने स्टेशन पर सुबह से लेकर देर रात्रि तक टैक्सियों को भारी जमावड़ा लगा रहता है जिसके कारण झांसी खजुराहो मार्ग में आवागमन में बाधित हो जाता है और टैक्सियों की वजह से स्टेशन के बाहर जाम की स्थिति बन जाती है।

# पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के हत्यारों को कड़ी सजा दिलाने की मांग



**गरौठा।** संयुक्त मीडिया क्लब गरौठा संगठन के पत्रकारों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी अवनीश तिवारी गरौठा को सोपा ज्ञापन पत्रकारों ने बताया की सीतापुर में दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की निर्मम हत्या की गई जिसको लेकर पूरे देश एवं प्रदेश में पत्रकार साथियों में आक्रोश है इसी को देखते हुए आज सभी पत्रकार कस्बा एवं ग्रामीण के पत्रकार साथियों ने उप जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की पत्रकार साथी को न्याय मिलना चाहिए एवं पत्रकार साथी की पत्नी को सरकारी नौकरी 40 लाख का मुआवजा मिलना चाहिए वही दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा मिलना चाहिए वही मौके पर वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत तिवारी ने बताया की सरकार को देश के चौथे स्तंभ पत्रकार साथियों की सुरक्षा की गारंटी देना चाहिए पत्रकार कड़ी मेहनत से कलाम की ताकत से सच्चाई का उजागर करता है इसके बाद भी पत्रकारों के साथ ऐसी घटना एक दुर्भाग्यपूर्ण है इसकी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश शासन को गंभीरता से लेना चाहिए अगर हमारे साथी पत्रकार को न्याय नहीं मिलता है पूरे देश एवं प्रदेश के पत्रकार सड़कों पर उतरकर एक विशाल जन आंदोलन करेंगे इस मौके पर संयुक्त ?मीडिया क्लब के तहसील अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह सेंगर ने कहा अगर पत्रकार साथी को न्याय नहीं मिलता है तो आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी इस मौके पर नगर अध्यक्ष देवेंद्र गौतम रामपाल यदुवंशी राजकुमार मिश्रा सलीम खान मोबीन खान राजकुमार तिवारी सुरेंद्र तिवारी विमल तिवारी मानवेंद्र सिंह यादव प्रियंका राजपूत शुगर सिंह यादव चंद्र प्रकाश द्विवेदी मुन्ना यादव प्रमोद गुप्ता राजेश घटियारी सैकड़ो की संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे नहीं बताया गया अगर पत्रकार साथी ?को न्याय नहीं मिलता है तो संयुक्त मीडिया क्लब जिला स्तर पर विशाल धरना प्रदर्शन करेगी ।

# नगर पालिका में बोर्ड की बैठक आयोजित



**मऊरानीपुर।** नगर पालिका परिषद मऊरानीपुर के सभागार में बैठक श्रीमती शशि श्रीवास अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मऊरानीपुर की अध्यक्षता एवं सर्वेश कुमार अधिशासी अधिकारी के उपस्थिति में संपन्न हुई जिसमें वित्तीय वर्ष 2025 26 सेतु नगर पालिका का बजट मासिक आय व्यय एवं अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत ?50000 से अधिक जनसंख्या वाले नगरो की जी.आई.एस आधारित महायोजना में चयन होने आदि विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक में आकाश आर्य ,जगदीश आर्य , बद्री प्रसाद सेन श्रीमती मीना साकेत श्रीमती फूलवती बैजनाथ करन सिंह खेमचंद अहिरवार श्रीमती ममता-राजेश राय ,कमलेश विश्वकर्मा जी श्रीमती फलक साहिबा - आशिक राईन , श्रीमती संगीता पांडेय शिवम पांडेय हितेश गुदरया श्रीमती गीता मनीष खेवरिया श्रीमती रूबी मोदी पावस मोदी पाषर्दगण एवं पालिका के आनन्द बिश्नोई प्रधान लिपिक के आशीष कौशिक नंदकिशोर रावत, छगनलाल राजपूत सुनील शर्मा अमित सिंह उपस्थित रहे।

# पीडीए जन संवाद से फैल रही जन क्रांतिः श्यामलाल पाल



**झांसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रदेश सचिव व पूर्व जिला अध्यक्ष महेश कश्यप के नेतृत्व में समाजवादी पीडीए जन-संवाद यात्रा बुंदेलखंड के अंतिम चरण में झांसी की चारो विधानसभाओं सदर विधानसभा, गरौठा, मऊरानीपुर , बबीना के गांव-गांव जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों को बताकर और पीडीए को एकजुट किया। जनपद झांसी के बबीना विधानसभा के स्थानीय विवाह घर में पीडीए जन-संवाद यात्रा के अंतिम दिन समापन सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता व मुख्य वक्ता के रूप में एम एल सी डा मान सिंह यादव रहे।

पीडीए जन-संवाद यात्रा बुंदेलखंड के समापन सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि कल झांसी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आए थे इन्होंने एक इस बार फिर 5 लाख रुपए का फार्मूला दिया अभी 15 लाख वाला लोग भूले नहीं है क्या खाते में आप लोगों के खाते में पहुंच गया।

इस अवसर राकेश पहलवान, चांद राईन, बेनी प्रसाद मेशराम, ईश्वर दयाल, वीरपाल सिंह दादी जालौन, प्रदीप कुशवाहा , मानसिंह पाल, उमेश यादव, श्रीमती मारुति साहू , श्रवण साहू दिनेश राजपूत, हेमलता राजपूत, शिवपाल सिंह, पप्पू कुशवाहा, इंजीनियर करण सिंह राजपूत, श्रीमती गीता मिश्रा, राकेश पहलवान, चांद राईन, राकेश पाल नवादा, रामदास पटेल, रितेश, विजय यादव सैफई रोहित परीक्षा , स्वदेश यादव, अयान अली, सैयद अली, विश्व प्रताप सिंह यादव मौजूद रहे। संचालन के के सिंह यादव व आरिफ खान ने संयुक्त रूप से किया। आभार प्रदीप कुशवाहा ने व्यक्त किया।

# सड़कों पर बह रहा सैकड़ों लीटर जल संस्थान का पानी



**समथर।** समथर कस्बे में जल मिशन योजना के तहत हर घर नल योजना के तहत कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।लेकिन यह योजना धरातल पर दिखाई नहीं दे रही जब कि दो वर्ष होने को है।फिर भी ग्रामीण स्तर पर ग्रामवासियों को इस योजना का लाभ आज तक नहीं मिल सका अभी हाल में नगर पालिका समथर के वार्डो में इस घर घर नल मिशन योजना का कार्य चल रहा जिसमें जे सी बी मशीनों से बस्तियों में सड़कों कि खुदाई का काम चल रहा है।कई स्थानों पर जल संस्थान के द्धारा घरों में पेयजल हेतु नलों के कनेक्शन डाले गये जो जे सी बी मशीनों की खुदाई में तोड़ दी गई लेकिन ठेकेदारों ने उन टूटे जल संस्थान के नलों को खुला छोड़ कर डाली गई पाइप लाइन को मिट्टी से भर दिया गया जिससे टूटी जल संस्थान के नलो से सड़कों पर प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद बह रहा है।जिससे बस्ती के लोगो को पीने का शुद्ध जल नहीं मिल पा रहा है।इस सम्बन्ध में जब जल संस्थान के कर्मचारियो से बात की तो उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा नल को तोड़ा गया है उसे ठेकेदार ही सही करेगें जब कि वर्तमान समय में जल संस्थान के द्धारा नगर की बस्तियों में शुद्ध पीने के पानी की सप्लाई की जा रही है।बस्ती के लोगो ने हर घर मिशन योजना के जुम्मेदार अधिकारियों से टूटे नलों को सही कराये जाने की मांग की जिससे लोगों को पीने योग्य पानी उपलब्ध हो सके।

# विद्यालय में मनाया होली का त्यौहार




**मऊरानीपुर।** होली पर स्कूल में दिखा उल्लास,आज उच्च प्राथमिक विद्यालय बम्हौरी ब्लॉक मऊरानीपुर में छात्र शिक्षकों ने मिलकर मनाया रंगो का त्यौहार। विद्यालय ने की थी सुरक्षित गुलाल की व्यवस्था। होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया विद्यालय में इस अवसर पर विशेष तैयारी की थी छात्र छात्राओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ,उच्च कोटि का गुलाल उपलब्ध कराया गया छात्र और शिक्षक ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में सभी छात्रों ने उत्साह से भाग लिया शिक्षक् और छात्रों के बीच की औपचारिक दूरी कम भी हुई सभी ने मिलकर इस त्यौहार को बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस आयोजन से शैक्षणिक माहौल में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला । इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राएं और प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश साहू सहायक अध्यापक महेश चंद्र जगरिया संजय कुमार आर्य रामगोपाल आदि उपस्थित रहे।

# बोर्ड बैठक की बैठक में कई प्रस्ताव को मंजूरी



**बरुआसागर।** बुधवार को नगर पालिका परिषद बरुआ सागर बोर्ड बैठक जो कि बजट संदर्भ में आहूत की गई थी पालिका अध्यक्ष सुशीला कुशवाहा एवं अधिशाषी अधिकारी राम दुलार यादव एवं पार्षदगण की उपस्थिति में आयोजित की गई।

बैठक में पालिका के मूल आय-व्यय 2024-25 अनुमानित आय-व्यय 2025-26 की स्वीकृति पर विचार किया गया जिसमें 2024-25 में पालिका को भिन्न स्त्रोतों से आय 10 करोड़ रुपए एवं व्यय 08 करोड़ रुपए हुई है साथ ही वर्ष 2025-26 हेतु विभिन्न स्त्रोतों से अनुमानित आय 19 करोड़ रुपए एवं नगर विकास हेतु अनुमानित व्यय 20 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को पालिका बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही विज्ञापन प्रचार प्रसार शुल्क बुद्धि पर के प्रस्ताव को पालिका बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। इसी के साथ भवन/भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर के वृद्धि पर विचार किया गया एवं भवन/भूमि स्वामित्व परिवर्तन की पत्रावलियों को बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में पार्षद भीम अहिरवार, रजनी बाल्मीकि, जितेंद्र आर्या, आरती वंशकार, राहुल सिंह अहिरवार, संतोष कुमार, विजय कुमार दुबे, रागनी कुशवाहा, सुनीता कुशवाहा, भगवती कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, दिनेश सेन, नरेश साहू, सरस्वती असतया, कमलेश कुमार कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा, कुंती देवी कुशवाहा, प्यारेलाल रैकवार, कमलेश कुमार साहू, राजकुमार यादव, भगीरथ कुशवाहा, सीमा कुशवाहा, पूजा कुशवाहा, संदीप बिरथरे एवं पालिका कर्मचारी अमोक श्रीवास्तव, राम स्वरूप अहिरवार, कपूर सिंह कुशवाहा, संदीप सिंह सेंगर आदि उपस्थित रहे।

# इंटर अंग्रेजी के प्रश्नपत्र के साथ बोर्ड परीक्षा सम्पन्न

**गुरसरांय ।** नगर के दो परीक्षा केंद्रों पर चलरही माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश बोर्ड की इंटर की अंग्रेजी एवं परिधान रचना के साथ परीक्षा सम्पन्न हो गई।नगर के सबसे ब? परीक्षा केंद्र खैर इंटर कॉलेज गुरसरांय के केंद्र व्यवस्थापक धन प्रकाश तिवारी द्वारा परीक्षा में सफल व्यवस्था में सहायक होने के लिए बाह्य केंद्र व्यवस्थापक अनीता देवी पटेल,स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट राजेश राजपूत एवं उप निरीक्षक बृजेश कुमार भार्गव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस दौरान परीक्षा प्रभारी जितेंद्र पटेल,जे पी वर्मा एवं विनोद कुमार ने बताया कि ।इंटर परिधान रचना में 103 ने परीक्षा दी 5 छात्राएंअनुपस्थित रहीं।वहीं अंग्रेजी में 808 छात्राएं पंजीकृत थीं जिनमे 787 ने परीक्षा दी,21 अनुपस्थित रहीं।कृषि में 4 ने परीक्षा दी।इस दौरान संकलन प्रभारी कुलदीप कोदवलकर एवं कौशलेश मिश्रा ,बशीर अहमद खान,सचल दल के डा विवेक मुदगल, राजेश चंद्र ,प्रदीप सोनी,रसिक शिरोमणि शर्मा, जगमोहन समेले, कैलाश प्रकाश गुप्ता,राकेश तिवारी,राजवेंद्र सिंह बुंदेला, इंद्रभूषण दुवे, सरजू शरण पाठक, गोपाल अग्निहोत्री, शिवम गिरी, कन्हैया, रवि सेन, कमलू, समता, जितेंद्र सेन, सागर पटेल, अनिल नायक, अखिलेश पाराशर, अंकित आदि उपस्थित रहे।

# सांडो को पकड़ने का अभियान नगर पालिका ने किया शुरू

**मऊरानीपुर।** नगर में घूम रहे आवारा सांडो को पालिका के कर्मचारियों द्वारा पड़कर गौशाला में ले जाने का अभियान जारी बना हुआ है नगर में आवारा घूम रहे सांडो की वजह से क्षेत्र में कई लोगों की जाने जा चुकी है और जानवर कई लोगों को घायल कर चुके हैं और नगर वासियों की बार-बार मांग करने के बाद नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया और उसने नगर में घूम रहे आवारा सांडो की धड़पकड़ अभियान शुरू कर दिया और उन्होंने पड़कर गौशाला में भेजा जा रहा है

### चोरी के माल सहित दो बदमाश गिरफ्तार

मऊरानीपुर। पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो चोरी के आरोपियों का माल सहित गिरफ्तार किया जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष लहचूरा पंकज मिश्रा ने बताया कि पुलिस संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग कर रही थी इसी दौरान ग्राम लहचूरा बांध के पास से विष्णु यादव बृजेंद्र रैकवार निवासीगढ़ ग्राम गुढा थाना चरखारी जिला महोबा गिरफ्तार किया दोनों की तलाशी लेने पर पुलिस ने चोरी के सोने चांदी के जेवरात एवं?5000 नगद बरामद किए पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

### उप जिलाधिकारी ने सी.एच.सी बंगरा का रात्रि कालीन किया निरीक्षण

मऊरानीपुर। उप जिलाधिकारी अजय यादव ने समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर बंगरा का रात्रि कालीन निरीक्षण किया इस मौके पर उन्हें आकस्मिक स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से जारी होती मिली उप जिलाधिकारी ने इमरजेंसी ड्यूटी स्टाफ की जानकारी ली तथा समुदाय स्वास्थ्य कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए इस मौके पर रात्रि में ड्यूटी पर कर रहे चिकित्साधिकारी नवनीत बंसल फॉर्मोसिस्ट नागेश सिंह दिनेश कुमार सुरेंद्र वर्मा प्रसव कक्ष में स्टाफ नर्स मालती यादव आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अब नहीं रही वह होली, न ही रहा वह होली का हुड़दंग, महंगाई की मार और आपसी वैमनस्यता होली पर हावी

**हमीरपुर।** राठ नगर सहित ग्रामीण अचंल में जहां होली के त्यौहार को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता था। वहां अब होली के प्रति कोई खास उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है। अब होली की आहट देने वाले वहीं पुराने फाग और होली गीत के मदहोश कर देने वाली धुन और गीत सुनाई नहीं दे रहे हैं। खास तौर से सांझ ढले जोगीरा सारारारा तो अब सुनने को ही नहीं मिलता। लेकिन अब भी कहा जाए तो आजकल के अश्लील होली गीतों पर पुराने होली गीत भारी प?ते हैं। दरअसल, गांवों में बसंत ऋतु के आगमन से ही गांवों के बुजुर्गों द्वारा फाग गीतों के मस्ती भरे बोल सुनाई देने लगते थे। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि फाल्गुन महीना शुरु होते ही गांवों की गलियों में शाम को झाल, मंजीरा, ढोलक आदि लेकर श्रृंगार रस से भरी फागुनी गीतों की बौछार होने लगती थी। बस जो भी आता उसी रंग में रंग जाता इससे भाइचारे को मजबूती मिलती। महिलाएं बताती हैं कि होली की इस ठिठोली से मुहल्लों की घरों से महिलाएं फागुनी गीतों को सुनने के लिए आतुर हो जाती थी। अब वह सब बात नहीं रह गई है।

## संपादकीय

# अमेरिका के शेयर बाजार में हड़कंप, 16 साल बाद अमेरिका से सस्ता भारतीय बाजार

दुनिया के देशों में आर्थिक मंदी का तूफान शुरू हो गया है। आने वाले कुछ ही महीनों में यह तीव्र गति से आगे बढ़ेगा। अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट का दौर शुरू हो गया है। नैस्डेक कंपोजिट 4.25 फ़ीसदी, डाउ जॉन्स 1.83 फ़ीसदी, एसडीपी 500 2.75 फ़ीसदी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। टेस्ला के शेयर 13.75 फ़ीसदी गिर गए हैं। एनवीडीया के 5.5 फ़ीसदी, एप्पल के 5.78 फ़ीसदी, गूगल के 5.18 फ़ीसदी, मेटा के 5.58 फ़ीसदी तथा गोल्डमैन सैश के 5.97 फ़ीसदी गिरावट के साथ शेयर बाजार में कारोबार हुआ है। अमेरिका के लिस्टेड शेयरों में काफी बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हतप्रभ हैं। उन्हें समझ ही नहीं आ रहा है, शेयर बाजार की इस गिरावट को लेकर वह क्या बोलें। इसी तरह से भारतीय शेयर बाजार में पिछले 6 माह से लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। भारतीय शेयर बाजार 19 साल बाद अमेरिकी शेयर बाजार से सस्ते हो गए हैं। 2009 के वैल्यूएशन के अनुसार पहली बार डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल का एवरेज भारतीय शेयर बाजार पिछले 1 साल में 21.8 गुना कारोबार कर रहा है। जबकि डाउ जॉन्स 22.4 गुना कारोबार कर रहा है। भारतीय शेयर बाजार को थामने के लिए सरकार और वित्तीय संस्थाओं द्वारा पिछले कुछ समय पहले जो प्रयास किए गए थे। वह सब शेयर बाजार की गिरावट मे पूंजी डालने के कारण जिस तरह कीचड़ में पानी डालने से कीचड़ बढ़ता है। शेयर बाजार में पूंजी डालने के कारण जो पैसा शेयर बाजार में डाला गया, वह भी बिकवाली के कारण बाजार से निकल गया। विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार से लगातार बिकवाली कर रहे हैं। अक्टूबर 2024 के बाद से विदेशी निवेशकों ने भारत में फाइनेंशियल सर्विसेज, आयल ऐंड गैस, ऑटोमोबाइल, एमएफजी, कंज्यूमर सर्विसेज, कंस्ट्रक्शन और पावर सेक्टर में लगातार बिकवाली की है। विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर 2024 के बाद से अभी तक 2 लाख करोड़ से ज्यादा की बिकवाली की है। भारतीय शेयर बाजार में लार्ज मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयरों की बड़े पैमाने पर बिकवाली शुरू हो गई है। देसी निवेशक भी शेयर बाजार से भयभीत हैं। वह भी अपने शेयर बेचकर बाहर निकलना चाहते हैं। स्मॉल कैप और मिड कैप के शेयर अपनी फेस वैल्यू पर पहुंच रहे हैं। जिसके कारण देसी निवेशकों का हौसला पूरी तरह से टूट गया है। अमेरिका से शुरू हुए टैरिफ बार ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को तहश-नहश करने का काम किया है। आर्थिक मंदी के इस दौर में अमेरिका ने जो टैरिफ़ बार शुरू किया है, उसका खामियाजा अब अमेरिका को भी भुगतना पड़ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार एलन मस्क को ऐसा खामियाजा भुगतना पड़ेगा, इसका एहसास तो उन्हें भी नहीं रहा होगा। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार सारी दुनिया के देश इस समय कर्ज की समस्या से जूझ रहे हैं। कर्ज के कारण दुनिया भर के आम आदमी से लेकर दुनिया की सभी सरकारें कर्ज और ब्याज से परेशान हैं। आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया की तर्ज पर, पिछले 30 सालों से कर्जा लेकर घी पीने की पूंजीवादी अर्थव्यवस्था समाप्त होने की कगार पर है। दुनिया के देशों में महंगाई-बेरोजगारी की समस्या दिनों-दिन बढ़ती ही चली जा रही है। जिसके कारण सरकारों के खिलाफ आम जनता नाराज होकर सड़कों पर आने लगी है। निम्न एवं मध्यम वर्ग के पास खर्च करने के लिए पैसा नहीं है, जिसके कारण औद्योगिक उत्पादन भी घटता चला जा रहा है। दुनिया भर की सरकारों ने पिछले 30 सालों में बहुत टैक्स बढ़ाया है। पिछले 30 वर्षों में सरकारों ने अपने खर्च भी बढ़ाए थे। अब कर्ज नहीं मिल रहा है। ब्याज के बोझ से दबकर खर्च करने लायक पैसे भी नहीं बचे हैं। अमेरिकी सरकार को भी अपने कर्ज और खर्च घटाने के लिए जो प्रयास करने पड़ रहे हैं, इसका असर अमेरिका पर पड़ रहा है। इसकी शुरुआत में ही बड़ा खामियाजा अमेरिका को भुगतना पड़ रहा है। आसानी से समझा जा सकता है, कि आने वाले कुछ महीनो के अंदर ही पूरी दुनिया के देश, आर्थिक मंदी के शिकार होने जा रहे हैं। वैश्विक व्यापार संधि के कारण पिछले 30 वर्षों में सारी दुनिया के देशों में अर्थ व्यवस्था, पूंजीपतियों के हाथों में पहुंच गई थी। सारी दुनिया के देशों में कुछ ही लोगों के पास पूंजी एकत्रित होकर रह गई है। मध्यम और निम्न वर्ग के पास खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं। भारत जैसे देश में आर्थिक मंदी के कारण भारतीय बैंकों तथा भारतीय जीवन निगम जैसी संस्थाओं के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। ऐसी स्थिति में एक बार फिर समाजवादी व्यवस्था की ओर सारी दुनिया के देशों को ध्यान केंद्रित करना होगा। तभी इस समस्या से निजात मिल सकती है। वैश्विक व्यापार संधि जो अभी पूंजीपतियों का एकाधिकार कायम करती है, इसमें बदलाव करने की जरूरत है। पूंजीवाद के साथ-साथ समाज के मध्यम और कमजोर वर्गों को भी साथ लेकर चलने की नीतियां बनानी होंगी। आम जनता पर टैक्स कम करना होगा। रोजगार और महंगाई जैसे विषय पर भी ध्यान देने की जरूरत है। वैश्विक व्यापार संधि पूंजीवादी व्यवस्था अब समाप्ति की ओर है।

– सनत जैन

# यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन का भविष्य ?



डॉ. सत्यवान सौरभ

यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन का दृष्टिकोण वर्तमान में अस्पष्ट है, जो राजनीतिक कारकों, सैन्य आवश्यकताओं और वैश्विक सम्बंधों द्वारा आकार लेता है। यूक्रेन को अमेरिकी सहायता का स्तर राजनीतिक परिदृश्य, यूक्रेन में चल रही सैन्य स्थिति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोगियों के साथ सहयोग पर निर्भर करेगा। जैसे-जैसे अमेरिका और दुनिया भर में परिस्थितियाँ बदलती हैं, यूक्रेन के लिए समर्थन का प्रकार और मात्रा भी बदलती रहेगी।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिले हैं। हाल ही में, यूक्रेन के साथ सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करना रोक दिया गया है, क्योंकि अमेरिका कीव को रूस के साथ शांति वार्ता में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना चाहता है। इस बदलाव ने यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं के बारे में चिंताएँ पैदा कर दी हैं, विशेष रूप से यू.एस. निर्मित पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की उपलब्धता के बारे में, जो कीव जैसे शहरों को रूसी हमलों से बचाने के लिए महत्त्वपूर्ण रही हैं। यूरोपीय सहयोगियों के पास इन प्रणालियों का कोई प्रत्यक्ष विकल्प नहीं है, जिससे यूक्रेन जोखिम में पड़ सकता है। इस बीच, राष्ट्रपति ट्रम्प रूस पर नए प्रतिबंधों और टैरिफ़ पर विचार कर रहे हैं ताकि मास्को को शत्रुता समाप्त करने के लिए मजबूर किया जा सके। यह रणनीति प्रत्यक्ष सैन्य समर्थन से आर्थिक रणनीति में परिवर्तन को चिह्नित करती है। इन परिवर्तनों ने यू.एस.-यूक्रेन सम्बंधों पर दबाव डाला है और यूरोपीय सहयोगियों के साथ तनाव पैदा किया है, जो यूक्रेन का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्होंने पर्याप्त सैन्य ख़र्च पहल की घोषणा की है।

अलग-अलग दृष्टिकोणों ने यूक्रेन की स्थिति के बारे में यू.एस और यूरोप के बीच बढ़ते विभाजन को जन्म दिया है। कुल मिलाकर, यूक्रेन के लिए यू.एस. समर्थन का भविष्य प्रत्यक्ष सैन्य सहायता से हटकर आर्थिक और कूटनीतिक रणनीतियों की ओर बढ़ रहा है, जो वर्तमान में विदेश नीति के व्यापक पुनर्मूल्यांकन का संकेत देता है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने फरवरी 2022 में रूस द्वारा पूर्ण रूप से आक्रमण शुरू करने के बाद से यूक्रेन को सैन्य और वित्तीय सहायता के साथ महत्त्वपूर्ण रूप से सहायता की है। विभिन्न सहायता पैकेजों के माध्यम से अधिकृत कुल निधि लगभग 175 बिलियन डॉलर तक पहुँच गई है, जिसमें सैन्य सहायता के लिए काफ़ी राशि आवंटित की गई है। हालांकि, हाल के बदलावों से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तहत अमेरिकी नीति में संभावित बदलाव का संकेत मिलता है, जिन्होंने रूस के साथ शांति वार्ता को प्रोत्साहित करने के प्रयास में यूक्रेन के साथ सभी सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करना बंद कर दिया है। यूक्रेन की सैन्य स्थिति नाजुक बनी हुई है। चल रही सैन्य सहायता महत्त्वपूर्ण है; विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि इसके बिना, यूक्रेन को युद्ध के मैदान में बड़ा नुक़सान हो सकता है। अमेरिका उन्नत हथियारों और खुफिया जानकारी का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत रहा है जिसने यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं को मज़बूत किया है। यदि अमेरिकी सहायता कम हो जाती है या पूरी तरह से बंद हो जाती है, तो विशेषज्ञों का मानना है कि इससे रूस की बड़ी ताकतों के खिलाफ अपनी रक्षा बनाए रखने की यूक्रेन की क्षमता में गंभीर बाधा आएगी। दूसरी ओर, यदि सहायता वर्तमान या बढ़े हुए स्तरों पर जारी रहती है, तो यह समय के साथ यूक्रेन की क्षमताओं को महत्त्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकती है।

2022 में रूस के आक्रमण के बाद से भू-राजनीतिक परिदृश्य को प्रभावित करने में अमेरिका और यूक्रेन के बीच सम्बंध महत्त्वपूर्ण रहे हैं। 2024 तक, अमेरिका ने यूक्रेन को 119 बिलियन डॉलर से अधिक की सहायता प्रदान की थी, लेकिन हाल के राजनीतिक परिवर्तनों और बजट सीमाओं ने इस सहायता के भविष्य पर संदेह पैदा कर दिया है। इस अनिश्चितता का यूक्रेन की रक्षा क्षमताओं और समग्र क्षेत्रीय स्थिरता पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिका और यूक्रेन के नेताओं के बीच हाल ही में हुए आदान-प्रदान के दौरान तनाव को उजागर किया गया, जिससे अमेरिकी सैन्य और राजनयिक समर्थन की निरंतरता के बारे में चिंताएँ बढ़ गईं। नियोजित राजनयिक दोपहर के भोजन को अचानक रद्द करना सद्भावना की कमी का संकेत देता है, जिससे कीव और यूरोपीय नेताओं में चिंता पैदा हो गई है। इसके अतिरिक्त, कई रिपब्लिकन राजनेताओं ने अमेरिकी सरकार की वर्तमान स्थिति का समर्थन किया है। अमेरिकी सैन्य सहायता में कमी रूस को यूक्रेन में अपनी कार्रवाइयों को तेज करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है, जिसके परिणामस्वरूप सत्ता शून्यता का लाभ उठाया जा सकता है।

# ना-रंगी जमात की औरंगी सियासत



राकेश अचल

सियासत का कोई एक रंग होता तो उसे आसानी से पहचाना जा सकता था,लेकिन मुल्क की सियासत तो बहुरंगी है। इन तमाम रंगों के बीच एक रंग ऐसा है जो नारंगी होकर भी ना-रंगी है। इस ना-रंगी सियासत की जमात अलग है। फर्जी की तरह टेढ़ी-टेढ़ी चलती है ,जैसे प्यादे से फर्जी होकर फर्जी चलता है। मेरा ख्याल है कि अब आप समझ गए होंगे कि मैं किस सियासत की और किस जमात की बात कर रहा हूँ ?

दरअसल मुल्क में ना-रंगी सयासत ने नैतिकता की तमाम हदों को पार कर लिया है और अब नारंगी सियासत मुल्क में औरंगी सियासत पर उतर आयी है। औरंगी यानी औरंगजेबी सियासत। अब नारंगी सियासत चाहती है कि इस मुल्क के इतिहास से न सिर्फ औरंगजेब को बल्कि इस मुल्क की धरती पर बनी औरनग्जेब की कब्र को भी तखलिया कह दिया जाये,ताकि न रहे बांस और न बजे बांसुरी। नारंगी सियासत को लगता है कि जब तक इस मुल्क की जमीन पर औरंगजेब का नाम लेने वाली किताबें और लोग रहेंगे तब तक इस देश में नारंगियों की सियासत कामयाब नहीं हो सकती।

नारंगी सियासत देश की अर्थव्यवस्थाकी दयनीय हालत,किसानों के आंदोलन ,कुपोषण,गरीबी से परेशान नहीं है। उसे परेशानी नहीं है दुनिया के आधुनिक औरंगजेबों से जो मुल्क कि अस्मिता और समरभूता कि धज्जियां उदा रहे हैं। उसे परेशान किये हुए है चैन से दो गज जमीन के नीचे 300 साल से सोया हुआ औरंगजेब। वो औरंगजेब जो इसी मुल्क की सरजमीं पर पैदा हुआ और इसी मुल्क की सरजमीं में सुपुर्दे ख़ाक कर दिया गया। तीन सौ साल पहले चूंकि इस मुल्क में कोई नारंगी सियासत करने वाला नहीं था इसलिए औरंगजेब को दो गज जमीन भी मिल गयी वरना यदि औरंगजेब आज मरता तो उसे दफन होने के लिए बहादुर शाह जफर की तरह रंगून या एमएफ हुसैन की तरह कुवैत ले जाना पड़ता। क्योंकि नारंगी सियासत में औरंगी सियासत के लिए कोई जमीं नहीं है ।

ताजा खबर ये है कि ना-रंगी बिर्गेड मुगल सम्राट रहे औरंगजेब की कब्र तक खोद कर फेंक देना चाहती है। नारंगी ब्रिगेड की मांग पर महाराष्ट्र की महान सरकार कानूनी रास्ते भी खोजने में लग गयी है। औरंगजेब की कब्र पुराने औरंगाबाद में है, जिसे नारंगी ब्रिगेड ने बदलकर छत्रपति संभाजी नगर कर दिया है। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने भी इस मामले पर बयान दिया है। फडणवीस ने कहा है कि सभी का मानना ?है कि छत्रपति संभाजीनगर में स्थित औरंगजेब की मजार को हटाया जाना चाहिए, लेकिन यह काम कानून के दायरे में किया जाना चाहिए।महाराष्ट्र की सतारा सीट से भाजपा के सांसद और मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज उदयनराजे भोसले ने छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित औरंगजेब के मजार को हटाने की मांग की थी।उदयनराजे से पहले उनके तमाम पुरखों के दिमाग में ये हल्का ख्याल कभी नहीं आया। वे बीती ताहि बिसार दे के सिद्धांत पर अमल करते रहे। इस शानदार मुल्क में नारंगी ब्रिगेड लम्बे इन्तजार के बाद सत्ता में आयी है। उसके दोनों और बैशाखियाँ लगीं हैं, लंगड़ाकर चलती है लेकिन अपनी हरकतों से बाज नहीं आना चाहती नारंगी ब्रिगेड। मुल्क के अमनो-अमान से उसे शायद चिढ है। नारंगी ब्रिगेड का ख्वाब तो इस मुल्क से 20 करोड़ मुसलमानों को देश निकला देने का है लेकिन वो ऐसा दस साल में नहीं कर पायी ,इसीलिए शायद अब औरंगजेब की कब्र हटाकर वो अपने ख्वाब में सांकेतिक रंग भरना चाहती है। यानि आप समझ सकते हैं कि घृणा मरकर भी नहीं मरती । तीन सौ साल बाद भी नहीं मरती घृणा अमर है अजर है। इसी घृणा के सहारे आजकल मुल्क की नारंगी सियासत चल रही है।

## सुविचार

शरीर को रोगी और निर्बल रखने के सामान दूसरा कोई पाप नहीं है।

– लोकमान्य तिलक

स्वयं कर्म, जब तक मुझे यह भरोसा होता है कि यह सही कर्म है, मुझे संतुष्टि देता है। – जवाहर लाल नेहरु

## प्रसंग

# सेवा की भावना

जर्मनी का महान समाजसेवी ओबरलीन एक बार अपनी यात्रा के त दौरान मुसीबतों से घिर गया। तेज आंधी-तूफान और ओलों ने उसे बुरी तरह परेशान कर दिया । वह मदद के लिए चिल्लाता रहा, लेकिन सबको अपनी जान बचाने की पड़ी थी, सो उसकी पुकार कौन सुनता ? वह बेहोशी की हालत में नीचे गिर पड़ा। कुछ देर बाद उसे अहसास हुआ कि किसी व्यक्ति ने उसे थामा हुआ है और उसे सुरक्षित जगह पर ले जाने की कोशिश कर रहा है । होश में आने पर ओबरलीन ने देखा कि एक गरीब किसान उसकी सेवा में जुटा हुआ है । ओबरलीन ने किसान से कहा कि वह उसकी सेवा करने के एवज में उसे इनाम देगा । फिर उसने किसान से उसका नाम जानना चाहा । यह सुनकर किसान मुस्कराया और बोला, मित्र! बताओ, बाइबिल में कहीं किसी परोपकारी का नाम लिखा है । नहीं न । तो फिर मुझे भी अनाम ही रहने दो। आप भी तो निःस्वार्थ सेवा में विश्वास रखते हो। फिर मुझे इनाम का लालच क्यों दे रहे हो? वैसे भी पुरस्कार का लालच किसी को भी निःस्वार्थ सेवा करने के लिए मजबूर नहीं कर सकता । सेवा की भावना तो हमारे अंदर से उत्पन्न होती है। इसे न ही पैदा किया जा सकता है और न ही मिटाया जा सकता है। ओबरलीन उस निर्धन किसान की बातें सुनकर दंग रह गया । वह मन ही मन सोचने लगा कि आज उसे इस किसान ने एक पाठ पढ़ाया है । सेवा जैसा भाव तो अनमोल है। उसकी कोई कीमत नहीं लगाई जा सकती और सेवा के लिए कोई भी पुरस्कार अधूरा है । यह किसान कितना महान है जो बिना किसी स्वार्थ के परोपकार करने में विश्वास करता है । आज कितने ऐसे लोग हैं जो इस निर्धन किसान की परोपकार की भावना का मुकाबला कर सकते हैं।

## जरा हटके

# चोर घर में आराम से समय बिताने के लिए चुराता था चाभियां



**टोक्यो (ईएमएस)।** जापान की राजधानी टोक्यो के रहने वाले 34 वर्षीय रयोता मियाहारा ने एक बेहद अनोखा अपराध किया। वह लोगों के घरों की चाभियों की डिटेल्स चुराकर ऑनलाइन उनकी डुप्लीकेट चाभी मंगा लेता था। इसके बाद, जब भी उसे मन करता, वह उन घरों में चुपके से घुस जाता, लेकिन चोरी करने के बजाय वहां आराम से समय बिताता था। मियाहारा ने ऐसा ही अपने साथ काम करने वाली एक महिला कर्मचारी के घर के साथ किया। उसने चुपके से उसके पर्स से चाभी की डिटेल्स निकाल लीं और उसकी डुप्लीकेट चाभी बनवा ली। इसके बाद वह 2 महीनों में कुल 10 बार उसके घर में घुसा और उसे इस बात की भनक तक नहीं लगी।

नए साल की रात को जब लड़की घर से बाहर थी, तो मियाहारा फिर से उसके घर में घुस गया। इस बार उसने देखा कि लड़की का सूटकेस नहीं है, तो उसे लगा कि वह बाहर गई होगी। मौके का फायदा उठाकर वह घर के सोफे पर बैठ गया और ढाई घंटे तक आराम से टीवी देखता रहा। इसी बीच पुलिस ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया, तो उसने एक बिल्कुल अनोखी वजह बताई। उसने कहा कि उसे लड़की का घर बहुत साफ-सुथरा और सुकून भरा लगता था, जहां वह आराम से सांस ले सकता था। यही वजह थी कि वह बार-बार वहां जाता था। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से 15-20 चाभियां बरामद हुईं, जो अलग-अलग घरों, दुकानों और दफ्तरों की थीं।

वह इसी तरह से नई-नई चाभियों की तलाश करता था और लोगों के घरों में घुसकर वहां समय बिताता था। इस घटना ने जापान में सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि वहां ऑनलाइन डुप्लीकेट चाभियां आसानी से उपलब्ध हैं। पुलिस अब इस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## फोटो ऑफ द डे



मैक्सिको के सेंटो डोमिनिगो में ड्रोन के जरिये एक बस हादसे की ली गयी तस्वीर। (फोटो-ईएमएस)

## राज काज

### विश्व गुरु कौन भारत या अमेरिका ?

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व गुरु का दर्जा देकर अपने आप को विश्व गुरु मान लिया था। विश्व गुरु के रूप में भारत के साथ-साथ विदेश में अप्रवासी भारतीयों के बीच में मोदी को विश्व गुरु बताया जा रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने विदेश के दौर में अमेरिका के राष्ट्रपति की तरह ही व्यवहार करने लगे थे। ट्रंप जैसे ही अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बने। उसके बाद डोनाल्ड ट्रंप अपने आपको और अमेरिका को विश्व गुरु की पहचान बनाए रखना चाहते हैं। डोनाल्ड ट्रंप और उनके परम मित्र नरेंद्र मोदी की, विश्व गुरु की इस लड़ाई में भारत को सुंयोजित रूप से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपमानित कर रहे हैं। चाह कर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण मोदी अपमानित हो रहे हैं। मजबूरी में चुप्पी साध कर समय का इंतजार कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार राष्ट्रपति बनेंगे, इसका अंदाजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नहीं था। लेकिन अब क्या किया जा सकता है।

### मोदी का वादा, योजना लॉन्च की नड्डा ने रेखा गुप्ता का खाली खजाना

दिल्ली के राजनीतिक हलकों में कहा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली की महिलाओं को ढाई हजार रुपए महीना देने का वादा किया था। मोदी ने कहा था, 8 मार्च को महिलाओं के बैंक खाते में पैसे आना शुरू हो जाएंगे। इसके बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महिला समृद्धि योजना लॉन्च की। रेखा गुप्ता बीजेपी की मुख्यमंत्री बन गई हैं। पहली कैबिनेट मीटिंग हो गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को प्रधानमंत्री का वादा याद नहीं रहा। अब कहा जा रहा है,एक सुनियोजित रणनीति के तहत प्रधानमंत्री मोदी ने वादा किया था। जेपी नड्डा ने योजना को लांच किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खाली खजाने का डिंडोरा पीटकर महिला समृद्धि योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। दिल्ली की महिलाएं समझ नहीं पा रही हैं। उनके साथ यह धोखा किस तरह से हो गया। क्या प्रधानमंत्री के वादे पर ऐतबार करना उनकी बेवकूफी थी। ढाई हजार रुपए तो मिले नहीं। महिलाओं को जो फ्री बस सेवा मिल रही थी। वह भी बंद होने जा रही है।

## व्यंग्य

# धूप का चश्मा

-संतोष खरे

मैं धूप के चश्मे के आविष्कारक का नाम तो नहीं जानता, पर उस महान व्यक्ति का हृदय से आभारी हूँ, जिसने गॉगल जैसी अद्भुत वस्तु बनाकर मुझे वे तमाम सुविधाएँ प्रदान कर दी हैं जो उसके अभाव में मैं प्राप्त न कर पाता।

अब देखिए न कि आदमी के मन में झाँकने का एकमात्र माध्यम उसकी आँखों में तैरनेवाले भाव ही तो हैं। आँखों से प्रेम, घृणा और क्रोध व्यक्त किया जा सकता है। नज़रें चार होती हैं तो प्रेम तक हो जाता है। प्राचीन कवियों के नायक-नायिका भरे भवन में आँखों-ही-आँखों में सभी बातें कर लेते थे। कहा जाता है कि यदि साहसी शिकारी बिना पलक झपकाए शेर की आँखों से अपनी आँखें मिलाए रहता है तो शेर को हमला करने का साहस नहीं होता। झूठ बोलनेवाले की आँखों में गहराई से देखा जाए तो उसका झूठ पकड़ में आ जाता है, पर मैं धूप का चश्मा पहनकर बड़ी आसानी से अपनी आँखों के भावों को छुपा लेता हूँ। मेरी बातें सुनते हुए सामनेवाला समझता है कि मैं जो कुछ कह रहा हूँ वही मेरे मन की बात है, पर मेरी आँखों पर चश्मा चढ़ा होने के कारण वह आँखों से सच्चाई का पता नहीं लगा पाता।

सामनेवाला समझता है कि मैं उसे देख रहा हूँ, जबकि मैं उसे नहीं देखता, बल्कि उसकी ओर देख रहा होता हूँ जो यह समझता है कि मैं उसे नहीं देख रहा। जो धूप का चश्मा लगाते हैं वे जानते हैं कि चश्मा लगाने से चेहरे पर गरिमा तो आती ही है। साथ ही यदि काफ़ी बड़े फ्रेम वाले चश्मे हुए तो चेहरे का नक्शा भी बदला दिखाई देता है। अच्छे सूट के साथ अगर गॉगल न हो तो चेहरे पर वह 'इंप्रेशन' आ ही नहीं सकता जो चश्मा पहनने पर आ जाता है। साड़ी हो या स्कर्ट, बैल बॉटम हो या ढीली कमीज़, पैंट हो या गरारा, गॉगल सबके साथ लोकप्रिय है, इसकी लोकप्रियता का अनुमान तो इसी बात से लगता है कि फ़िल्म के अधिकांश अभिनेता या अभिनेत्रियों ने फ़िल्मों में गॉगल्स पहने हैं।

चश्मा आदमी के व्यक्तित्व के साथ इस सीमा तक जुड़ गया है उसके जीवन में ऐसे मौके कम ही हैं, जब वह धूप का चश्मा न पहनता हो। सड़क पर, बाज़ार में, बसों, ट्रेनों, हवाई जहाज़ों में, दफ़्तर और पार्कों में लोग हर जगह धूप का चश्मा लगाते हैं, यह भी ज़रूरी नहीं है कि केवल धूप में ही धूप का चश्मा लगाया जाए। रात में भी कुछ लोग इसे लगाए रहते हैं। हर मौसम में इसका उपयोग होता है। यानि धूप का चश्मा समय, स्थान और काल आदि से परे की हर उम्र और सेक्स के लोगों की एक प्रिय वस्तु है। आँखों के दोषों को सिर्फ़ धूप का चश्मा छुपाता है या धूप का चश्मा आँखों में पड़नेवाले धूल या धुएँ से आँखों की रक्षा करता है। इस तरह की बातें यदि मैं लिखूँगा तो आप कहेंगे कि मैं चश्मे की विज्ञापन करने लगा। पर यह तो कहना ही चाहूँगा कि आप बस, ट्रेन या मीटिंग में धूप का चश्मा लगाए मज़े से सोते रहिए और साथ के लोग समझेंगे कि आप जाग रहे हैं। आप आराम के साथ किसी महिला को घूरते रहिए, कोई कुछ नहीं कहेगा। यह कहने की भी आवश्यकता नहीं कि धूप के चश्मों के कारोबार में हज़ारों लोग लगे हैं और गॉगल्स की दुकानों ने बाज़ार की शोभा बढ़ाई है, पर यह ज़रूर कहूँगा कि चश्मा एक ऐसी अनिवार्य वस्तु बन चुका है कि जो एक बार लगाता है वह सदैव लगाता है।

## चिंतन-मनन

# इसलिए सबसे छोटा है कलियुग

शास्त्रों में सृष्टि के आरंभ से प्रलय काल तक की अवधि को चार युगों में बांटा गया है। वर्तमान में हम जिस युग में जी रहे हैं उसे कलयुग कहा गया है। इससे पहले तीन युग बीत चुके हैं सतयुग, त्रेता और द्वापर। भगवान श्री राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था और द्वापर में भगवान श्री कृष्ण का। कलियुग के अंत में भगवान कलकि अवतार लेंगे और संसार में फैले पाप और अन्याय के साम्राज्य का अंत करके पुनः धर्म की स्थापना करेंगे।

भगवान ने चारों युगों में सबसे कम उम्र कलियुग को प्रदान किया है। शास्त्रों में सतयुग की अवधि 17 लाख 28 हजार वर्ष बतायी गयी है और त्रेता की अवधि 12 लाख 28 हजार। द्वापर युग की अवधि 8 लाख 64 हजार है जो त्रेता से लगभग 4 लाख वर्ष कम है। कलियुग की अवधि द्वापर से ठीक आधी, यानी 4 लाख 32 हजार है। सतयुग से कलयुग तक सभी युगों की अवधि छोटी होती गयी है। इसका कारण यह है कि, भगवान बताना चाहते हैं, जो जितना पापी होगा उसकी उम्र उतनी कम होगी। भविष्य पुराण सहित कई शास्त्रों एवं पुराणों में बताया गया है कि कलियुग में पाप की पराकाष्ठा होगी। मनुष्य का व्यवहार सृष्टि के नियम के विरूद्ध होता जाएगा। हिंसा में मनुष्य पशुओं को भी पीछे छोड़ देगा। पशु तो सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए दूसरे पशु को मारते हैं मनुष्य अकारण ही दूसरे मनुष्य को मारेगा।

## रोचक

# हल्की-फुल्की शारीरिक गतिविधियों को भी सेहत के लिए लाभकारी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** प्रदूषण, नाइट शिफ्ट और भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच सुबह के समय एक्सरसाइज के लिए समय निकालना चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में एक नई रिसर्च ने हल्की-फुल्की शारीरिक गतिविधियों को भी लाभकारी बताया है।

ताजा शोध के अनुसार, नियमित रूप से हल्की शारीरिक गतिविधि करने से डायबिटीज, हृदय रोग, गठिया, अवसाद, श्वसन संबंधी रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी 30 से अधिक बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है। दिलचस्प बात यह है कि इसके लिए हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) जैसी कठिन एक्सरसाइज की जरूरत नहीं होती, बल्कि बागवानी, योग, लॉन की घास काटना, वॉटर एरोबिक्स या तेज़ चलने जैसी हल्की गतिविधियां भी सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकती हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि प्रति सप्ताह सिर्फ 150 मिनट की मध्यम शारीरिक गतिविधि करने से मृत्यु दर का खतरा 31प्रतिशत तक कम हो सकता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की एक रिपोर्ट में भी यह खुलासा हुआ कि जो लोग हर हफ्ते 150-300 मिनट की हल्की एक्सरसाइज करते हैं, उनमें मृत्यु दर का जोखिम 20-21प्रतिशत तक घट जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि रोज़ाना 30 मिनट की एक्सरसाइज स्वास्थ्य को बेहतर बना सकती है, और अगर कोई शुरुआत कर रहा है, तो 10-10 मिनट के छोटे सत्रों से भी शुरुआत की जा सकती है।

# ट्रेन हाईजैक में भारत का हाथ होने का आरोप लगा रहा पाकिस्तान

## पीएम शहबाज के सलाहकार ने कहा- भारत ने अफगानिस्तान को बनाया बेस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बलूच स्वतंत्रता सेनानियों ने मंगलवार को ट्रेन को अगवा कर लिया। इसमें 500 से ज्यादा यात्री सवार थे, जिनमें आम नागरिक, महिलाएं और बच्चों को रिहा कर दिया गया है और पाकिस्तानी सेना के जवानों, खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों और पाकिस्तान सरकार के अधिकारियों-कर्मचारियों को बंधक बनाकर रखा है। सुरक्षा बलों ने अभी तक 16 विद्रोहियों को मारने का दावा किया है, जबकि बलूचों ने 30 से ज्यादा पाकिस्तानी सेना के जवानों को मारने का दावा किया है।

मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ट्रेन को पटरी से उतारने की जिम्मेदारी ली है। बलूचों ने 214 यात्रियों को बंधक बनाने का दावा किया है। बलूच लिबरेशन आर्मी, जो बलूचिस्तान की आजादी के लिए संघर्ष कर रहा है। उसने पाकिस्तान सरकार को 48 घंटों का अल्टीमेटम दिया है, जिसमें उन बलूच नेताओं, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग की गई है, जिनका पाकिस्तान की सेना ने पकड़ रखा है। बलूच विद्रोहियों ने चेतावनी दी है कि अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो बंधकों को मारने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। बलूचों ने कहा है कि अगर पाकिस्तानी सेना ऑपरेशन शुरू करेगी तो ट्रेन को विस्फोट से उड़ा दिया जाएगा।

दूसरी तरफ पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के सलाहकार ने ट्रेन अपहरण कांड के बाग भारत पर आरोप लगाए हैं। सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने कहा है कि ट्रेन अपहरण कांड के पीछे भारत का हाथ हैं। उन्होंने कहा है कि अफगानिस्तान के अंदर से भारत इन्हें ऑपरेट कर रहा है। उन्होंने कहा कि ये भारत कर रहा है। इसमें कोई शक नहीं है। और उसके बाद उन्हें सेफ हेवन अफगानिस्तान में मिला है। उन्होंने आगे कहा कि अफगानिस्तान में बैठकर वो हर किस्म की प्लानिंग करते हैं। पाकिस्तान दुश्मन लोग हैं। इसमें कोई दूसरी राय ही नहीं है। इसमें कोई सियासी मसला या एजेंडा नहीं है। राणा ने आरोप लगाते हुए कहा कि भारत टीटीपी और बीएलए का समर्थन कर रहा है और उनके पास अफगानिस्तान सुरक्षित ठिकाना है। अफगानिस्तान में घात लगाने की सुविधा होने के कारण उनके ऑपरेशन बढ़ गए हैं।



लेबनान में अलावाइट सीरियाई लोगों की हो रही हत्याओं को देखते हुए ये लोग नाहरा अल कबीर के पानी में से निकलते हुए।

# ईरान ने अमेरिका से दो टूक कहा- आपसे जो बने सो कर लो

**तेहरान।** पूरी दुनिया को डराने और धमकाने में जुटे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान ने अच्छी खरी खरी सुना दी है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा कि धमकियों के बीच ईरान अमेरिका से किसी भी स्थिति में अपने परमाणु कार्यक्रम पर बात नहीं करेगा। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप को दो टूक जवाब देते हुए कहा, जो करना है कर लो। इस बीच ईरान ने रूस और चीन के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास करके अपनी ताकत दिखाई है। पेजेश्कियान ने कहा कि हम यह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं कर सकते कि अमेरिका हमें आदेश और धमकियां दे। मैं तुमसे (अमेरिका) बात भी नहीं करूंगा। जो करना है कर लो।



ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने भी इससे पहले कहा था कि ईरान किसी भी दबाव में बातचीत नहीं करेगा। यह बयान ट्रंप के उस दावे के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान के साथ नए परमाणु समझौते के लिए खामेनेई को एक पत्र लिखा है। हालांकि ईरान ने कहा है कि उसे कोई भी पत्र नहीं मिला है। ट्रंप प्रशासन ने एक बार फिर पहले की तरह ईरान पर अधिकतम दबाव' की नीति लागू कर दी है। इसके जरिए अमेरिका ईरान की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और उसके तेल निर्यात को शून्य तक लाने की कोशिश में जुटा है। ट्रंप ने सोमवार को प्रतिबंधों में दी गई छूट को समाप्त करके दबाव बढ़ाने की कोशिश की। इस छूट के तहत इराक को ईरान से बिजली खरीदने की इजाजत दी गई थी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस कदम की निंदा करते हुए कहा कि ईरान दबाव और धमकी में बातचीत नहीं करेगा। 2015 में राष्ट्रपति बराक ओबामा ने ईरान और प्रमुख शक्तियों के साथ ऐतिहासिक समझौता किया था। इसमें ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम पर अंकुश लगाने के बदले प्रतिबंधों में छूट देने का वादा किया गया था। ट्रंप के आने के बाद यह समझौता टूट गया।ईरान ने मंगलवार को चीन और रूस के साथ संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया, जिसे मैरिटाइम सिक्योरिटी बेल्ट 2025 नाम दिया गया। यह अभ्यास ओमान की खाड़ी में हुआ, जो रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य के पास मौजूद है। इस हिस्से से दुनिया के कुल तेल व्यापार का पांचवां हिस्सा गुजरता है।

# जब ट्रूडो फेयरवेल स्पीच के बाद कुर्सी उठाए जुबान दिखाते चले बाहर, तस्वीर हुई वायरल

**टोरंटो।** जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी कन्वेंशन में कनाडा के पीएम के तौर पर अपनी फेयरवेल स्पीच दी थी। इसके बाद वह कुर्सी उठाकर सीधे संसद से बाहर चले गए। इसकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें उनके साथ में कुर्सी है और वह कैमरे की तरफ देखकर जीभ दिखा रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुई इस तस्वरी पर यूजर्स कमेंट भी आ रहे हैं। एक राजनीतिक लेखक ने तो इस तस्वीर को शेयर कर एक्स पर लिखा परंपरा के मुताबिक कनाडा के सांसदों को संसद से बाहर निकलते वक्त अपनी कुर्सी अपने साथ ले जाने की इजाजत है। मुझे यह परंपरा अच्छी लगती है। फिर भी ट्रूडो की यह तस्वीर अजीब है। शायद यह जल्द होने वाले चुनाव की तरफ इशारा है।

फेयरवेल स्पीच में जस्टिन ट्रूडो भावुक हो गए थे। ट्रूडो ने पीएम के तौर पर आखिरी बार पार्टी और अपने समर्थकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे गलत मत समझिए, पिछले 10 सालों में हमने जो कुछ किया है, उस पर मुझे गर्व है, लेकिन आज की रात एक पार्टी के रूप में, एक देश के रूप में हमारे भविष्य के बारे में है। ट्रूडो ने समर्थकों से कहा कि सक्रिय बने रहें। आपके देश को आपकी जरूरत पहले से कहीं ज्यादा है। लिबरल्स इस पल का सामना करेंगे। ये वक्त नेशन डिफाइनिंग मूमेंट है। लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए निरंतर प्रयास की जरुरत होती है। इसके लिए साहस, बलिदान, उम्मीद और कड़ी मेहनत करनी होती है।

ट्रूडो ने कहा कि हमें पिछले 10 सालों में हासिल की गई सभी महान चीजों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

# नासा ने चलाया ब्रह्मास्त्र अब ब्रह्मांड का रहस्य जान सकेगी दुनिया

**वॉशिंगटन।** अब अंतरिक्ष में एक और कारनामा होने रहा है। अब आसमान की पूरी तरह से मैपिंग हो सकेगी। लाखों गैलेक्सी यानी आकाशगंगाओं पर नजर रखी जाएगी। इसके लिए नासा ने अपने ब्रह्मास्त्र को अंतरिक्ष की सैर पर भेजा है। नासा का सबसे नया स्पेस टेलीस्कोप मंगलवार को कक्षा की ओर रवाना हो गया है। इसे इसलिए बनाया गया है ताकि यह पूरे आकाश का नक्शा ऐसा बना सके, जैसा पहले कभी नहीं बना। यह सैकड़ों-करोड़ों गैलेक्सीज यानी आकाशगंगाओं और समय की शुरुआत से लेकर अब तक उनकी कॉस्मिक चमक पर एक व्यापक नजर डालेगा।

स्पेसएक्स ने कैलिफोर्निया से स्फेयरएक्स ऑब्जर्वेटरी यानी वैधशाला लॉन्च की है। यह पृथ्वी के ध्रुवों के ऊपर से उड़ान भरेगा।

## आज का इतिहास 13 मार्च

1991 राष्ट्रपति आर.वेंकटरमन द्वारा नौंवी लोकसभा भंग.

1997 मदर टेरेसा के स्थान पर सिस्टर निर्मला मिशनरीज ऑफ चैरिटीज की नयी सुपीरियर जनरल निर्वाचित.

1999 गुमशुदा कार्टूनिस्ट इरफान का शव झाड़ियों में मिला.

2001 तहलका डाट कॉम के खुलासे के बाद बंगारु लक्ष्मण ने त्यागपत्र दिया.

2002 अयोध्या में विवादित भूमि पर सांकेतिक पूजा करने की अनुमति देने की केंद्र सरकार के आग्रह को उच्चत्तम न्यायालय ने ठुकराया.

2003 उच्चतम न्यायालय ने सरकार के विवादास्पद संशोधित चुनाव कानून को असंवैधानिक करार दिया.

2005 उत्तरांचल में मसूरी से चंबा जा रही एक बस खाई में गिरने से 25 मरे.

## सूडोकु नवताल- 7090

✱✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7089 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः संघर्ष की राह

बालक ईश्वरचंद्र के पिता को तीन रुपये मासिक वेतन मिलता था। परिवार बड़ा था इसलिए घर का खर्च चलना मुश्किल था। ऐसी स्थिति में बालक ईश्वरचंद्र की पढ़ाई का प्रबंध कैसे होता। ईश्वरचंद्र ने अपने पिता की विवशता को देख कर अपनी पढ़ाई के लिए रास्ता खुद ही निकाल लिया। उसने गांव के उन लड़कों को अपना मित्र बनाया, जो पढ़ने जाते थे। उनकी पुस्तकों के सहारे उसने अक्षर ज्ञान प्राप्त कर लिया। एक दिन कोयले से जमीन पर लिख कर उसने अपने पिता को दिखाया। पिता ने ईशवरचंद्र की विद्या के प्रति लगन देखकर तंगी का जीवन जीते हुए भी उसे गांव की पाठशाला में भर्ती करा दिया। स्कूल की सभी परीक्षाओं में ईश्वरचंद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आगे की पढ़ाई के लिए फिर आर्थिक तंगी आड़े आ रही थी। ईश्वरचंद्र ने फिर स्वयं अपनी राह बनाई और आगे पढ़ने के लिए माता-पिता से केवल आशीर्वाद भर मांगा। उसने कहा, 'आप मुझे किसी विद्यालय में भर्ती करा दें। फिर मैं आप से किसी प्रकार का खर्च नहीं मांगूंगा।' ईश्वरचंद्र का कोलकाता के एक संस्कृत विद्यालय में दाखिला करा दिया गया। विद्यालय में ईश्वरचंद्र ने अपनी लगन और प्रतिभा से शिक्षकों को प्रसन्न कर लिया। उसकी फीस माफ हो गई। ईश्वरचंद्र के मित्रों ने किताबें उपलब्ध करा दीं। फिर उसने अपना खर्च पूरा करने के लिए मजदूरी शुरू कर दी। ऐसी स्थिति में भी उसने इतना परिश्रम किया कि उन्नीस वर्ष की आयु तक पहुंचते-पहुंचते वह व्याकरण, साहित्य, स्मृति तथा वेदशास्त्र में निपुण हो गया। जिसके लिए पढ़ना ही कठिन था वह एक बड़ा विद्वान बन गया। आगे चल कर यही बालक ईश्वरचंद्र विद्यासागर के नाम से विख्यात हुआ।

## दैनिक पंचांग

**13 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.19 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मेष | 07.50 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 09.30 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.28 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 13.41 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 15.57 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.09 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.20 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.35 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 00.51 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | मकर | 02.56 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.42 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 72 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 10.36 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी अहोरात्र।
**योग** धृति 13.03 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 10.36 बजे तदनन्तर विष्टि 23.28 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 02° 55'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872282
**जूलियन दिन** 2460747.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रमजान **तारीख** 12
**विशेष** छोटी होली, होलिका दहन, पूर्णिमा उपवास, अट्ठकल पोंगाला।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2081, शाके 1946, सौम्य गोष्ठ, फाल्गुन शुक्ल पक्ष, शिशिर ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिम तिथि चर्तुदर्शी, गुरुवासरे, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्रे, घृत योगे, वणिक करणे, सिंह की चंद्रमा, भद्रा 9/18 उ. 40/47 व्रत पूर्णिमा होलिका दहन, रोग विमुक्ता स्नान मुर्हूत 9/18 होलका दाह समय 9.18 तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, सुन्दर, सुशील, जिद्दी-हठी, बैंक कर्मचारी, लिपिक, मार्केटिंग मैनेजर, सेल्समेन, प्रवक्ता, राजनीति में पटु, नेता होगा।




**मेष राशि:** तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम, घटना का शिकार होने से बचेंगे।

**वृष राशि:** सफलता के साधन अवश्य जुटायेंगे, इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, कार्य बनेंगे।

**मिथुन राशि:** चिन्तायें कम होंगी, सफलत के साधन जुटायें, लाभ के कार्य बनेंगे।

**कर्क राशि:** समय एवं शक्ति व्यर्थ जायेगी, मानसिक बेचैनी, क्लेश व अशांति अवश्य होगी।

**सिंह राशि:** कार्य व्यवसाय में संतोष, स्त्री से तनाव, मानसिक बेचैनी अवश्य बनेगी, धैर्य रखें।

**कन्या राशि:** समय अनुकूल नहीं विशेष कार्य स्थिगित रखें, लेन-देन के कार्य होंगे।

**तुला राशि:** समृद्धि के साधन बनेंगे, कार्य कुशलता से संतोष होगा, रुके कार्य बनेंगे।

**वृश्चिक राशि:** प्रबलता, प्रभुत्व वृद्धि, कार्य कुशलता से संतोष होगा, कार्य अवश्य ही बनेंगे।

**धनु राशि:** व्यर्थ भ्रमण, धन का व्यय होगा, असमंजस एवं असमर्थता का वातावरण होगा।

**मकर राशि:** अचानक यात्रा के प्रबल योग बनेंगे, योजनायें फलीभूत अवश्य होंगी।

**कुंभ राशि:** बिगड़े कार्य बनेंगे, कार्य कुशलता से संतोष होगा, समृद्धि के साधन बनेंगे।

**मीन राशि:** असमर्थता का वातावरण कष्टप्रद होगा, स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास होगा।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# पीएम मोदी मॉरीशस के पूर्व पीएम से मिले, सहयोग को मजबूत करने पर हुई चर्चा

**पोर्ट लुईस।** पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को मॉरीशस के पूर्व पीएम प्रविंद जगन्नाथ से मिले। दोनों नेताओं ने भारत-मॉरीशस सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। जून 2024 में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में प्रविंद जगन्नाथ भी शामिल हुए थे। पीएम मोदी 11-12 मार्च तक मॉरीशस की यात्रा पर हैं।

पीएम मोदी पूर्वी अफ्रीकी राष्ट्र के राष्ट्रीय दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथी शामिल होना है। इससे पहले, पीएम मोदी ने एक्स के जरिए मॉरीशस के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मॉरीशस के लोगों को राष्ट्रीय दिवस की शुभकामनाएं। समारोह में भाग लेने सहित आज के कार्यक्रमों की प्रतीक्षा कर रहा हूं। पीएम मोदी ने मंगलवार को पोर्ट लुइस में मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ चर्चा की थी। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और भारत-मॉरीशस के बीच विशेष संबंध बढ़ाने के लिए नए रास्ते तलाशने पर विचार किया था। मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम ने मोदी को देश के सर्वोच्च पुरस्कार ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन दिए जाने का ऐलान किया। पीएम मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय हैं। यह किसी देश की ओर से पीएम मोदी को दिया जाने वाला 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है।

भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में मॉरीशस के पीएम ने यह ऐलान किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि साथियों मॉरिशस के लोगों ने, यहां की सरकार ने मुझे अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का फैसला किया है। मैं आपके फैसले को विनम्रता से स्वीकार करता हूं। यह भारत और मॉरीशस के एतिहासिक रिश्तों का सम्मान है। यह उन भारतीयों का सम्मान है जिन्होंने पीढ़ी दर पीढ़ी इस धरती की सेवा की। आज मॉरीशस को इस ऊंचाई पर लेकर आए हैं। मैं इस सम्मान के लिए आप सभी का सम्मान स्वीकार करता हूं।

## ट्रेन को हाईजैक करने वाली मजीद ब्रिगेड, पूर्व पीएम की हत्या की भी कोशिश की थी

**इस्लामाबाद।** ट्रेन को हाईजैक करके बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तानी सेना को चुनौती दे दी है। इस हमले को मौजूद ब्रिगेड ने अंजाम दिया है। मजीद ब्रिगेड बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) का एक विशेष आत्मघाती दस्ता है, जो पाकिस्तान से बलूचिस्तान की आजादी के लिए संघर्ष कर रहा है। यह ब्रिगेड 2011 में स्थापित की गई थी। इसका नाम अब्दुल मजीद बलोच के नाम पर रखा है, जिन्होंने 1974 में तत्कालीन पाकिस्तानी पीएम जुल्फिकार अली भुट्टो की हत्या की कोशिश की गई थी। गठन के बाद से मजीद ब्रिगेड ने कई प्रमुख हमले किए, जिनका मुख्य लक्ष्य पाकिस्तानी सुरक्षा बल, सरकारी संस्थान और पाकिस्तान में चीनी हित रहे हैं।

शुरुआत में मजीद ब्रिगेड पारंपरिक गुरिल्ला युद्ध में शामिल थी, जिसमें पाकिस्तानी सैन्य काफिलों और ठिकानों पर हिट-एंड-रन रणनीति का इस्तेमाल किया जाता था। 2018 में, ब्रिगेड ने आत्मघाती हमलों को अपनी रणनीति में शामिल करके अपने ऑपरेशनों को बढ़ाया। यह बदलाव बीएलए के विद्रोह में एक महत्वपूर्ण विकास था, क्योंकि मजीद ब्रिगेड आत्मघाती हमलावरों का इस्तेमाल करने वाली पहली बलूच मिलिटेंट यूनिट बन गई। ब्रिगेड द्वारा किए गए पहले आत्मघाती हमलों में से एक अगस्त 2018 में हुआ था। जब बीएलए कमांडर असलम बलोच के बेटे रेहान असलम ने दलबंदीन, बलूचिस्तान में चीनी इंजीनियरों को ले जा रही बस पर हमला किया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूलों में बच्चों ने खेली होली उड़ाए अबीर गुलाल

**महोबा।** पनवाड़ी विकासखंड क्षेत्र के पनवा?ी गांव में स्थित श्री चंद्रभान सिंह कॉन्वेन्ट स्कूल में गुरुवार को बच्चों ने जमकर होली खेली होली के छुट्टी से पहले आखिरी दिन बच्चे पहले से ही होली खेलने की पूरी तैयार करके आए थे सभी अपने घर से अबीर-गुलाल लेकर आए थे शिक्षकों ने छात्र छात्राओं के साथ हर्बल रंगों से होली खेली रासायनिक रंगों से बच्चों को दूर रहने के लिए कहा गया छात्रों ने खूब रंग गुलाल उ?ाएं इस मौके पर प्रबंधक जितेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि शिक्षा से ही मानव जीवन की सार्थकता सिद्ध होती है उन्होंने पानी बचाने के लिए भी अपील की बच्चों को होली का महत्व बताते हुए पानी बचाने की सलाह दी उन्होंने कहा कि होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्यौहार है जिस हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाई चारे का संदेश देता है। इस दौरान प्रबंधक जितेंद्र सिंह राजपूत प्रधानाध्यापक मु0 रईस, महेंद्र तिवारी, मनीष चतुर्वेदी, मुकेश कुमार, रहमान देवेंद्र पाल, पूजा, महक, प्रतीक्षा, आराधना, छाया, लकी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### शांतिपूर्ण तरीके से मनाए त्योहार डी एम

**महोबा।** आगामी धार्मिक उत्सवों पर होली, रमजान एवं ईद आदि त्योहारों को शांतिपूर्ण मनाए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि होली एवं ईद के त्यौहारो को आपसी भाईचारे, परंपरागत और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए। जनपद गंगा-जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता है इसे बनाए रखे। धार्मिक स्थलों पर व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया जाए। साथ ही सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। धार्मिक उत्सवों में प्रयोग किये जाने वाले वाहनों की मॉनिटरिंग पहले ही कर ली जाए, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। जो भी माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करे उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दे। त्योहारों के समय लाऊड स्पीकरों से बजने वाले संगीतो पर भी कड़ी नजर रखी जाए। कोई भी व्यक्ति या समुदाय अभद्र गीत संगीत का प्रयोग करते हुए ना मिले। डीजे संचालको की सूची तैयार कर ली जाए।उनके साथ बैठक कर उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के दिये गए ध्वनि संबंधी गाइडलाइन से अवगत करा दिया जाए।

### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का किया गया वितरण

**महोबा।** होली के त्यौहार के अवसर पर खुशियों के उपहार के रूप में प्रदेशवासियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत 1890 करोड़ की धनराशि से उ0प्र0 के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का वितरण माननीय मुख्यमंत्री, उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लोकभवन सभागार, लखनऊ से किया गया।

जिसके अन्तर्गत आज जनपद महोबा में एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया व जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की उपस्थिति में 65871 पात्र परिवारों को सब्सिडी प्रदान किया गया। उपरोक्त सब्सिडी से महिलाओं को धुएं से आजादी, स्वास्थ्य पर सकरात्मक प्रभाव तथा पर्यावरण सुधार जैसे सार्थक लाभ प्राप्त हुये। योजनान्तर्गत होली व दिपावली पर नि:शुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल की सुविधा पात्र लाभार्थियों को प्रदान की गयी, जिसमें प्रथम चरण (अक्टूबर से दिसम्बर 2024) दिपावली पर आधार प्रमाणित पात्र परिवारों को गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी अंतरित की गयी तथा द्वितीय चरण (जनवरी से मार्च 2025) होली पर आधार प्रमाणित 65871 पात्र परिवारों को गैस सिलेंण्डर रिफिल सब्सिडी अंतरित किया जा रहा है। पात्र परिवारों को प्रति रिफिल केन्द्र सरकार द्वारा 334.78 रू0 तथा राज्य सरकार द्वारा 508.14 रू0 की सब्सिडी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत अनुमन्य है। योजना की पारदर्शिता बनाये रखने हेतु सिलेण्डर रिफिल पर मिलने वाली सब्सिडी का आधार प्रमाणित बैंक खाते मे अंतरण किया गया है।

# महोबा - सीतापुर में हुई पत्रकार की निर्मम हत्या से पत्रकारों मे आक्रोश व्याप्त



**महोबा।** यूपी जर्नलिस्ट एसोसियेशन के बैनर तले 2 दर्जन से अधिक पत्रकारों ने यूपी के सीतापुर में दैनिक जागरण के पत्रकार की गोली मारकर हुई निर्मम हत्या के विरोध में जोरदार प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोबा मृदुल चौधरी को सौंपा है। जिसमें पीड़ति परिवार को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार को एक सरकारी नौकरी और मुकदमा फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट में चला कर दोषियों को फाँसी की सजा सहित पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की माँग की है। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश के ने महोली सीतापुर जिले में बीते दिनों दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की गोली मारकर की गई निर्मम हत्या से महोबा जनपद के पत्रकारों में आक्रोश दिखाई दे रहा है। एकत्रित हुए सैकड़ों पत्रकारों ने एक सुर में घटना की निंदा करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में एक शांतिपूर्ण विरोध जता मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन आज यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोबा मृदुल चौधरी को सौंपा गया, जिसमें हत्या में संलिप्त दोषियों की गिरफ्तारी कर सख्त सजा दिलवाए जाने, मृतक पत्रकार साथी के परिजनों को एक करोड़ की सहायता राशि,आश्रित पत्नी को सरकारी नौकरी दिए जाने, बच्चों को निशुल्क शिक्षा, माता पिता को निशुल्क उपचार सुविधाएं दिए जाने एवं समूचे पत्रकार साथियों को जनप्रतिनिधियों की तर्ज पर शस्त्र लाइसेंस वरीयता क्रम में दिए जाने की मांग के साथ प्रदेश में राज्य कर्मचारियों की भांति पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने की मांग ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से की गई।

पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में बताया हैं कि जिस तरीके से प्रदेश में आए दिन पत्रकारों पर हमलों के मामले सामने आ रहे हैं, इससे पत्रकार वर्ग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। पत्रकारों ने सीतापुर मामले में दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देकर नजीर पेश करने सहित पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की माँग की है। इस दौरान यू पी जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष महेंद्र द्विवेदी, संरक्षक संजय मिश्रा, राजेश चतुर्वेदी, प्रकाश सक्सेना, संयोजक विराग श्क्ष्ड्डुष्द्धह्लह्लड्डद्ब, महामंत्री सुमित तिवारी, मयंक मिश्रा, उपाध्यक्ष आनंद तिवारी, योगेश चौबे, आलोक शर्मा, राजीव तिवारी, रामगोपाल अग्रवाल, सीताराम सोनी, इलियास अहमद, अखिलेश द्विवेदी, विपिन तिवारी, कुलदीप मिश्रा, पवन सोनी सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

## उच्च प्राथमिक बिद्यालय मे शारदा संगोष्ठी/वार्षिकोत्सव कार्यकृम सम्पन्न



**महोबा।** मुख्य अतिथि एम एल सी पूर्ब जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र सिह सैगर जी ने बच्चो का उत्साह वर्धन किया उन्होने बताया बच्चे देश के भबिष्य है साँस्कृतिक कार्यकृम होने से प्रतिभाये निकलती है उन्होने कहा कि बिद्यालय मे सभी संसाधनो की पूर्ति हो भले चाहे निधि से पूरा करना पडे।

बिशिष्ठ अतिथि चक्रपाणि त्रिपाठी ने की कार्यकृम मे शिक्षको की अहम भूमिका होती

अगर संचालन अच्छे से हो तो कार्यकृम मे चार चाँद लग जाते है कार्यकृम मे बच्चो ने सरस्वती बन्दना, अतिथि गीत, योग और, बृक्ष का महत्व, शोसल मीडिया के दुष्परिणाम जेसे नाटको की प्रस्तुति देख अतिथि हुए गद् गद् इस मौके पर डायरेक्टर महेन्द्र गुरूदेव,ब्लाक प्रमुख संदीप राजपूत, मन्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र राजपूत, पवन राजपूत ,ग्राम प्रधान जीतेन्द्र राजपूत बिद्यालय परिवार से प्रधानाचार्य ज्योति दीक्षित, ज्योति सिह, शिवा मोरे, ह्रदेश बाचपेई, योगेश बाचपेई, आशीष तिवारी, अखिलेश अरजरिया, नेहा गुप्ता, रोहित गुप्ता, सौरभ पाठक, नीरज तिवारी, कुलदीप शौक्ला जी राखी अवस्थी, कीर्ति दीक्षित मौजूद रहे संचालन नीतेन्द्र चौबे जी कबि ने किया ब्यवस्थापक दीपेन्द्र दीक्षित ने किया।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई आयोजित



**महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणो को रोकने के उपाय के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना बाहुल्य स्थानों को चिन्हित करते हुए हाईवे से जोड़ने वाली अन्य सड़कों पर हाईवे से पहले स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं ताकि आने वाले वाहन की गति धीमी हो सके। सड़क दुर्घटना में संभावित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए साइनिज बोर्ड लगवाए जाए। जिलाधिकारी ने डीआईओएस को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की जन-जागरुकता गोष्ठी आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा साथ में 5 मिनट का बच्चों को यातायात नियमों के बारे में वीडियो को दिखाया जाए, जिससे बच्चे यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो सके और बच्चों के अभिभावको को सूचित करें कि 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे यदि गाड़ी चलाते पाये जाते हैं, तो उनके अभिभावक पर कार्रवाई की जाएगी और उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूली वाहनों की गहन चेकिंग की जाए तथा सभी स्कूली वाहनों की शत-प्रतिशत फिटनेस, बीमा, कागज आदि को चेक किया जाए तथा क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में बिठानें से रोका जाये और बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों तथा पुराने स्पीड ब्रेकरों की मरम्मत कराएं और रिफ्लेक्टर एवं संकेतक लगाने आदि की कार्रवाई समय से करना सुनिश्चित करें।उन्होंने यातायात प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि सघन चेकिंग अभियान चलाकर प्रतिदिन चेकिंग की जाए तथा हेलमेंट और सीट बेल्ट के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए । जिलाधिकारी नें डीएसओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पेट्रोल पंपों पर यह सुनिश्चित किया जाए कि बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिया जाए। यदि पेट्रोल पंप संचालक बिना हेलमेट के पेट्रोल देते हुए पाये जाते है तो ऐसे पेट्रोल पंप मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राइवेट बसें/डबल डेकर की बसों की चेकिंग की जाए और बिना परमिट चल रही बसों एवं यात्रियों की ओवर करता हुआ पाया जाता है तो ऐसे बस संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने एन एच झांसी को निर्देशित किया कि राजमार्गों पर अवैध मीडियन कट बंद करवाये जाए तथा आंन्धी मोड पर आवाश्यक रुप से साइन बोर्ड लगवाई जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला अस्पताल के पास जेब्रा लाइन बनवाई जाए ।उन्होंने एआरएम रोडवेज को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी बसों में स्पीड कंट्रोल डिवाइस लगवाई जाए और उन्होंने कहा कि सभी बसों में जो कमियां हैं उन कमियों को जल्द से जल्द पूरा किया जाये तथा बस स्टैंड के एंट्री गेट के पास सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं । आरटीओ को निर्देश दिए गए की सभी स्कूलों के पास संकेतांक बोर्ड लगवाये जाए तथा मुख्य मार्गों पर एम्बुलेंस एवं चिकित्सा दूरभाष हेल्पलाइन नंबर चप्सा किए जाएं और दुर्घटना में सहायता करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाए। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के पास तत्काल घटनास्थल पर एंबुलेंस पहुंचाई जाए तथा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को भर्ती कराया जाए और घायलों की मदद करने वालों को सम्मानित किया जाए। डीएफओ को निर्देश देते हुए कहा कि जिन रोडो के किनारे झाड़ियां है उन झाड़ियां को साफ करवाया जाए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर एसपी वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, एसडीएम चरखारी डॉ प्रदीप कुमार, समाजसेवी रामजी गुप्ता, शिवकुमार गोस्वामी, दाऊ तिवारी, अल्ताफ रजा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षा संस्कृति संस्कार की अलख जगाने हमारे पतिदेव सच्चे सेवक हैं: रंजना देवी गंगेले



**महोबा।** कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुड़ई ब्लॉक बेलाताल जनपद क्षेत्र महोबा में वार्षिक परीक्षा को लेकर के एक संगोष्ठी आयोजित की गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेविका राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त श्रीमती रंजना देवी गंगेले पत्नी श्री संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड तथा कार्यक्रम में ग्राम प्रधान श्री संतोष कुमार अहिरवार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे मुख्य वक्ता के रूप में समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य श्री कृष्ण चंद्र विश्वकर्मा शिक्षक द्वारा किया गया । कार्यक्रम में शिक्षक श्री दिनेश कुमार नायक मंगलेश कुमार घुसिया शिक्षक श्री धीरेंद्र सिंह अंशुमान सुरोठिया, शिक्षक अतिथि इंद्रेश कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रंजना देवी गुड्डी गंगेले जिन्होंने विद्यालय की प्रतिभाओं को साहित्य सामग्री सामान्य ज्ञान वर्धन पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में राधिका तिवारी प्रिंसी अंश द्विवेदी कुमारी आंचल देवांश निशा ,शिवानी राशि अक्षय रितु बेटियों को पद पूजन कर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे पतिदेव श्री संतोष गंगेले कर्मयोगी द्वारा जो समाज और देश के लिए सामाजिक काम किया जा रहा है वह अद्वितीय है और आज हमने संगोष्ठी में उनके विचारों को देखा है । बच्चों की मुस्कान ही उनकी जिंदगी है । उन्होंने कहा कि वार्षिक परीक्षा में विद्यार्थी विद्यालय का नाम जनपद में प्रथम स्थान का प्रयास करें ।मुख्य वक्ता समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी ने विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा की तैयारी नैतिक शिक्षा संस्कृति संस्कारों नशा मुक्ति वाहन दुर्घटना जैसे महत्वपूर्ण विषय पर विस्तार से समझाया एवं शपथ संकल्प दिलाया गया । होली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय परिवार और क्षेत्र वासियों को शांति सद्भाव के साथ रंग गुलाल होली का त्यौहार मनाने के लिए अपील की गई ।शिक्षक श्री दिनेश कुमार नायक ने विद्यालय में उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।

### बालू खदान में दबंग ने युवक के साथ की जमकर मारपीट, मुकदमा हुआ दर्ज।

**हमीरपुर।** सरीला तहसील के चिकासी थाना क्षेत्र के घटियारी बालू खदान में एक दबंग व्यक्ति ने खदान में खाना बनाने का कार्य करने वाले एक युवक के साथ गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद पीड़ित युवक ने चिकासी थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। इटावा जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र के तीन तलैया गांव के निवासी भूरे सिंह पुत्र रणवीर सिंह ने बुधवार दोपहर करीब 12ः00 बजे घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 8 मार्च वर्ष 2025 की शाम करीब 5ः00 बजे वह बालू खदान में खड़ा हुआ था। बताया कि तभी उसी दौरान चिकासी थाना क्षेत्र के मंगरौठ दबंग धीरेंद्र राजपूत उसके पास आया और उसे बेवजह गालियां देने लगा बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो दबंग व्यक्ति ने जलती हुई सिगरेट उसकी आंख में मार दी। बताएं कि उसके दर्द से चीखने चिल्लाने पर जब आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा होने लगे तो उक्त दबंग व्यक्ति जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

## राठ नगर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह व व्यापारी महापंचायत हुई सम्पन्न

**हमीरपुर।** अधिकारियों से उप्र का व्यापारी बुरी तरह से प्रता?ित हो चुका है। मिलावट के नाम पर अधिकारियों द्वारा व्यापारियों का शोषण किया जा रहा है। यदि व्यापारियों का उत्पी?न नहीं रूका तो प्रदेश का व्यापारी समाज विरोध करने पर मजबूर होगा। व्यापारी अधिकारियों की भ्रष्ट नीति से प्रता?ित है। यह बात उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुख्य अतिथि पंडित मुकुंद मिश्रा ने कस्बे के एक विवाह घर में आयोजित उप्र उद्योग व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण समारोह एवं व्यापारी पंचायत में कही। उन्होने कहा कि देश के 548 शहरों में ऑनलाइन खरीद का विरोध शुरू हो गया हैं। कहा कि खुद दुकानदार ऑनलाइन सामान खरीद कर बेंच रहा हैं। इस पर हमें खुद पर रोक लगानी होगी। कहा कि कंप्टीशन में छल नहीं होना चाहिए। कहा कि कंपनियां ग्राहकों के साथ छल कर रहीं हैं। सरकार को ऑनलाइन एक्ट बनाना चाहिए। जिससे इन पर अंकुश लगाया जा सके। कई ऑनलाइन कंपनियां आईं और चली गईं। उन्होने कहा कि व्यापारी संगठित रहें। तभी हम अपनी ताकत दिखा सकेंगे। इसके पहले झांसी के पूर्व महापौर एव्र सदस्य विधान परिषद रामतीर्थ सिंहल, प्रदेश चेयरमेन महेंद्र जैन मयूर, उप्र युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष जीतू सोनी, पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष उप्र उद्योग व्यापार मंडल भैंरो प्रसाद मिश्र, डा. दिलीप सेठ प्रदेश महामंत्री, श्याम मोहन दुबे, जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल समेत अनेक व्यापारी नेताओं ने संबोधित किया। व्यापारी पंचायत का शुभारंभ भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुआ। नगर के पदाधिकारियों ने आगंतुकों का माला पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान नये पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में पधारे व्यापारियों का आभार केजी अग्रवाल ने जताया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता, बृजेंद्र कुमार गुप्ता, चंद्रशेखर मिश्रा, रहमत बेग, पंकज सोनी, प्रमोद बजाज, संतोष परिहार, कैलास चंद्र अग्रवाल, कमलेश कुमार साहू, उमाशंकर गुप्ता, मोहम्मद अनवार, शिवशरण सोनी, प्रमोद गुप्ता, राजेश अग्रवाल, सुयश भानु शिवहरे, अमरजीत अरोरा, अशोक गुप्ता, मदन गोपाल गुप्ता समेत सैक?ों की तादाद में चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर व्यापार मंडल के पदाधिकारी रहे।

## होली के दौरान हाई अलर्ट पर रहेंगी 108 व 102 एम्बुलेंस सेवाएं, के निर्देश

### इमरजेंसी मामलों में सेवा देने के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी सरकारी एम्बुलेंस सेवाएं

**हमीरपुर।** राठ एवं सरीला क्षेत्र में होली के पर्व के दौरान आवश्यकता पड़ने पर 108 नम्बर डायल करें। इमरजेंसी एम्बुलेंस सेवा कुछ ही मिनट में आपकी मदद के लिए पहुंचेगी। होली के दौरान एम्बुलेंस सेवाओं को हाई अलर्ट मो पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। त्यौहार के दौरान 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाएं 24 घंटे निन्शुल्क उपलब्ध रहेंगी।

बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज को दी है। एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था के प्रोग्राम मैनेजर दिनेश यादव व जिला प्रभारी कपिल वार्ष्णेय ने सयुक्त रूप से बताया कि होली पर्व को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। 108 एम्बुलेंस विशेष रूप से चिन्हित किए गए विशेष स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों, व थानों के नजदीक मौजूद रहेंगी। जिससे आपातकालीन स्थिति में मरीजों को प्राथमिक इलाज उपलब्ध होने के साथ ही एम्बुलेंस से जल्द से जल्द निकटतम अस्पताल पहुंचाया जा सके। हर जरूरतमंद व्यक्ति को कम से कम समय में एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराकर उसकी जान बचाना पहली प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जीवनरक्षक दवाओं के साथ प्रशिक्षित स्टाफ प्रत्येक एंबुलेंस में मौजूद रहेगा। उन्होंने ने बताया कि सड़क या अन्य कोई दुर्घटना होने, जलने, हार्ट, सांस, लिवर, किडनी, पेट दर्द, स्किन से सम्बंधित, या अन्य कोई भी समस्या होने पर 108 नंबर पर तत्काल सूचना दी जा सकती है। 108 एम्बुलेंस जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर सेवा देगी। सभी एम्बुलेंसों में जीवन रक्षक दवाओं के साथ इमरजेंसी सुविधाएं व प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध है। साथ ही बताया कि 102 एंबुलेंस भी रहेगी अलर्ट

होली के त्योहार के दौरान गर्भवती महिलाओं व 2 साल तक बच्चों को सेवाएं देने के लिए 102 एंबुलेंस सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। प्रदेश में 108 एम्बुलेंस सेवा की 2200 एंबुलेंस और 102 सेवा की कुल 2270 एंबुलेंस 24 घंटे संचालित हैं। आवश्यकता पड़ने एम्बुलेंस 102 या 108 पर कॉल करके निन्शुल्क एम्बुलेंस सेवा प्राप्त की जा सकती है।

## हंस फाउंडेशन ने अम्बे पैलेस में मनाया महिला दिवस पहुंची कई हस्तियां

**महोबा।** द हंस फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया और इसमें महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा, और सशक्तिकरण पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में डॉ. क्रांति राजपूत और सुषमा चौधरी एवं एडवोकेट परवीन जैसी प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति से यह स्पष्ट होता है कि महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा, बाल कल्याण समिति, वन स्टॉप सेंटर, और आशा संस्थान जैसी संस्थाओं की भागीदारी ने इस आयोजन को और भी प्रभावी बना दिया होगा।

बुधवार को महोबा के अंबे पैलेस में ꢀद हंस फाउंडेशनꢀ द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं के अधिकारों और उनके हितों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ और सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, और अतिथियों को सम्मानित करने के लिए उन्हें शॉल और पुष्प देकर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. क्रांति राजपूत (चिकित्सा अधिकारी महिला अस्पताल) और सुषमा चौधरी (महिला थानाध्यक्षमहिला थाना) उपस्थित थीं। दोनों ने महिला सशक्तिकरण और महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में मधुबाला चौरसिया (बाल कल्याण समिति सदस्य), परवीन (काउंसलर, आशा ग्रामुत्थान संस्थान), छमा (सेंटर मैनेजर, वन स्टॉप सेंटर), और अर्चना (केस वर्कर, वन स्टॉप सेंटर) भी शामिल हुईं। इन अतिथियों ने महिलाओं के हितों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही, उन्हें आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने की प्रेरणा भी दी गई तथा महिला सुरक्षा फाउंडेशन एवं चेरिटेबल ट्रस्ट की महोबा जिलाध्यक्ष एडवोकेट परवीन ने महिलाओं को बताया कि संविधान में महिलाओं को मिले हैं ये कानूनी अधिकार, जिसके बारे में हर महिला को पता होना चाहिए। लेकिन आज भी महिलाएं अपने हक और अधिकारों के बारे में नहीं जानती हैं। उन्होंने कहा कि यह दिन नारी शक्ति और महिलाओं की उपलब्धियों को सलाम करने का है। महिला दिवस का दिन हमें नारी की हर छोटी-बड़ी लड़ाई को सम्मान देने और उनके सपनों को पंख देने का मौका देता है। यह दिवस हमें महिलाओं द्वारा समाज में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। इस दिन उन्हें यह ऐहसास कराया जाता है कि वह हमारे लिए कितनी खास हैं।

» न्यूज कैप्सूल »

## पीड़ित की शिकायत पर भाई भाभी और भतीजे के खिलाफ मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बडोरा में खेत पर मौजूद दो भाइयों में उस समय विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब एक भाई ने अपने ही दूसरे सगे भाई से फसलों में पानी देने वाला इंजन का पाइप मांगा। इस दौरान दोनों के बीच हुई कहासुनी से आक्रोशित विपक्षी ने अपनी पत्नी और बेटे के साथ मिलकर अपने भाई को मौके पर दबोच लिया और उसके साथ गाली-गलौज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ि़त की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

ग्राम बड़ोंरा निवासी मनमोहन पुत्र गुलाब सिंह यादव ने थाना जखौरा पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 11 मार्च 2025 को शाम करीब 4:00 बजे वह अपने खेत पर था। इस दौरान जब उसने खेत पर ही मौजूद अपने भाई राम रतन पुत्र गुलाब सिंह यादव से अपने इंजन का पाइप मांगा, तो पाइप को लेकर उसके भाई ने उससे विवाद खड़ा कर दिया। इस दौरान दोनों के बीच हुई कहासुनी से आक्रोशित उसके भाई राम रतन के साथ-साथ उसकी भाभी सुनीता एवं उसके भतीजे अमित ने एक राय होकर उसके साथ जमकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। थाना जखौरा पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## राशन की दुकान में रखा हुआ खाद्यान्न रात्रि में ताले तोड़कर चोरी करने का आरोप

### वितरक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नवीन गल्ला मंडी के पीछे राजकीय महाविद्यालय के पास सरकारी दुकानों में खाद्यान्न की दुकान खुली हुई है, जहां खाद्यान्न विक्रेता द्वारा खाद्यान्न रखा गया था लेकिन रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा सेंधमारी करते हुए दुकान के ताले तोड़कर खाद्यान्न चोरी कर लिया गया। जिसके बाद उक्त घटना के संबंध में खाद्यान्न विक्रेता द्वारा पुलिस को शिकायती पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया।

शहर के मोहल्ला महावीर पुरा निवासी चंद्रकांत पुत्र रमेश कुमार ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि नवीन गल्ला मंडी के पीछे राजकीय महाविद्यालय के पास सरकारी दुकान में राशन की दुकान खुली हुई है, जहां वह पात्र लाभार्थियों को शासन की मंशा के अनुरूप खाद्यान्न का वितरण करता है। दिनांक 2 मार्च 2025 को खाद्यान्न विभाग की ट्रक द्वारा उसकी राशन की दुकान पर खाद्यान्न का माल प्राप्त किया गया और माल को राशन की दुकान में रखवा कर ताला बंद कर वह अपने घर चला आया। बताया गया है कि जब वह दिनांक 5 मार्च 2025 को दोपहर 3:00 बजे राशन की दुकान पर राशन वितरण करने गया, तो वहां पर लगे ताले टूटे पड़े हुए थे और शटर आदि लटकी हुई थी। जब उसने अंदर जाकर देखा तो दुकान के अंदर से खाद्यान्न गायब था। आरोप है कि इस दौरान अज्ञात चोर दुकान में रखी हुई बाहर 52 गेहूं की बोरी 24 चावल की बोरी दो बोरी चीनी चोरी कर ले गए हैं। हालांकि उसने इस दौरान डायलॉग 112 पुलिस को भी फोन पर सूचित किया था। आस-पास पूछताछ करने के बाद भी उक्त घटना के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर राशन विक्रेता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## गाली गलौज मारपीट कर धमकी देने का आरोप

### पीड़ित ग्रामीण की शिकायत पर तीन विपक्षियों के खिलाफ मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डुलावन में आयोजित तेरहवीं के कार्यक्रम के दौरान खाना परोसने को लेकर एक ग्रामीण का विवाद विपक्षियों से हो गया था। जिसके चलते कहासुनी के दौरान विपक्षियों ने एक राय होकर ग्रामीण को दबोच कर गाली-गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में पीड़ि़त की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

ग्राम डुलावन निवासी खुशीराम पुत्र दुर्जन अहिरवार ने थाना बार पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 13 10 मार्च 2025 को रात्रि करीब 8:00 बजे जब वह अपने ही गांव में संपन्न होने वाले तेरहवीं आयोजन में गया हुआ था, तभी वहां पर मौजूद ठाकुरदास पुत्र दुर्गा, भागचंद पुत्र काशीराम और धनीराम पुत्र आसाराम से खाना परोसने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। इस दौरान दोनों के बीच हुई कहासुनी से आक्रोशित दबंग विपक्षियों ने उसके साथ सरेआम गाली गलौज करते हुए उसे बेइज्जत करने का काम किया। इतना ही नहीं जब उसने पक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उन्होंने एक राय होकर उसके साथ सरेआम मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। थाना बार पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ि़त ग्रामीण द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर सभी तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# चकबंदी प्रक्रिया के दौरान आकृषक भूमि को कृषि भूमि दर्शाकर विपक्षियों के हवाले करने का आरोप

### ग्रामीणों ने चकबंदी विभाग के बंदोबस्त अधिकारी पर लगाया दो लाख लेकर विपक्षियों हक में नापने का आरोप

### पीड़ि़त ग्रामीणों ने क्लैक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन देकर उठाई कार्यवाही की मांग

### अधिकारी और विपक्षियों पर कार्यवाही न होने के परिपेक्ष में आमरण आसान करने की भी दी चेतावनी





**ललितपुर।** प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों के छोटे-छोटे चकों को एक जगह देने के उद्देश्य से बनाई गई चकबंदी प्रक्रिया अब जनपद में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती हुई नजर आ रही है। जहां चकबंदी प्रक्रिया के दौरान दबंग रसूखदार और पैसे वालों को तो लाभ हुआ है, लेकिन गरीब मजलूम छोटे किसानों को नुकसान ही हुआ है। जनपद में चल रही चकबंदी प्रक्रिया को लेकर अब तक कई गांव के किसाना क्लैक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन कर चुके हैं और जिलाधिकारी से लेकर शासन स्तर तक इस मामले की शिकायतें कर चुके हैं। आरोप है की चकबंदी अधिकारियों द्वारा रासुखदार विपक्षियों से बड़ी रकम लेकर उनकी खराब जमीनों के बदले उन्हें अच्छी जमीन नाप दी गई और गरीबों को बंजर और बेकार जमीन दी गई है। ऐसे ही एक मामले में विकासखंड महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बानपुर के करीब एक दर्जन किसानों ने अपने ही गांव में तैनात बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी पर भ्रष्टाचार के चलते उसकी बेस कीमती जमीन को विपक्षियों के पक्ष में नापने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने जिलाधिकारी से इस मामले की जांच कर कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की भी मांग उठाई।

कस्बा बानपुर निवासी सरोज पत्नी वीर सिंह, नेहा पत्नी देवेंद्र, कमल सिंह पत्नी प्यारेलाल, रामप्रसाद पुत्र जालम सहित करीब एक दर्जन किसान बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपने ही कस्बे में तैनात चकबंदी बंदोबस्त अधिकारी पर विपक्षियों से लाखों रुपए की घूस लेकर उनकी अच्छी बेस कीमती जमीन को उनके पक्ष में नापने का आरोप लगाया। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि उन सभी लोगों की जमीन कस्बे के आसपास के सभी गाटे चकबंदी के बाहर हैं एवं हरिजन आबादी बसी हुई है। पूर्व में सभी भूमि सीएच 18 रही है। शिकायती पत्र में यह भी बताया गया है कि चकबंदी अधिकारी ने मौके पर जाकर पहले जब मुआयना किया था, तब यह सभी भूमि आकृषक भूमि थी। इसलिए उक्त सभी भूमि को चकबंदी प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया था, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद ना हो। लेकिन गांव में ही रहने वाले दबंग प्रवृत्ति के रसूखदार विपक्षी उक्त जमीन को कृषि योग्य भूमि बताते हुए विवाद करने लगे, जिसे बाद संख्या 0152/ 2025 बंदोबस्त अधिकारी राकेश कुमार के यहां लंबित चल रहा है। लेकिन बंदोबस्त अधिकारी ने विधि की मंशा के विरुद्ध विपक्षियों से करीब दो लाख रुपए की घूस लेकर प्रार्थी के हितों पर विचार ना करते हुए चकबंदी अधिकारी बानपुर का आदेश निरस्त कर दिया एवं उक्त भूमि को कृषि योग्य भूमि दर्शाकर मनमाने तरीके से विपक्षियों के पक्ष में आदेश करते हुए जमीन को नाप कर उनका कब्जा कर दिया। इस मामले में पीड़ि़त ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से उक्त मामले को संज्ञान में लेकर पूरे मामले की जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग उठाई। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने यह भी चेतावनी दी कि यदि इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता, तो सभी ग्रामीण आमरण अनशन के लिए वाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## छापामार कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दबोचा तीन सटोरिये, सटोरियों में पिता पुत्र शामिल

### सटोरियों के पास से आठ सट्टे की पर्चीया के साथ करीब छै हजार की नगदी बरामद

### जुआ अधिनियम में मामला दर्ज

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक अपराधों पर लगाम लगाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जनपद में जुए सट्टे और अवैध शराब के कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहे। हालांकि पुलिस लगातार छापामार कार्रवाई कर रही है और अवैध शराब बेचने वालों पर मामला पंजीकृत किया जा रहे हैं, साथ ही सटोरिये भी गिरफ्तार किया जा रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने छापा मार कार्रवाई करते हुए शहरी इलाके से तीन सटोरियों को धर दबोचा, जिनके कब्जे से सट्टे की पर्चियां और करीब छै हजार की नगदी भी बरामद की गई है। सटोरियों में पिता पुत्र शामिल है।

जनपद में अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाए जाने के उद्देश्य से पहले सदीक्षक के दिशा निर्देशन में सीओ सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में शहरी इलाके में सदर कोतवाली द्वारा लगातार चेकिंग और गस्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान सदर कोतवाली क्षेत्र की सदर चौकी में तैनात उप निरीक्षक अनुराग शर्मा को गस्त अभियान के दौरान मुखर से सूचना प्राप्त हुई कि छत्रसालपुरा कटरा बाजार में कुछ लोग पर्चियां के साथ मौजूद हैं जो सट्टा लगाने का काम कर रहे हैं। मुखबर की सूचना के आधार पर जब अपने शिक्षक ने चिन्हित स्थान पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया तब सटोरियों में भगदड़ मच गई। इस दौरान पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए मौके से सुनील कुमार पत्र चंपालाल निवासी छात्रसलपुरा के साथ उसका पुत्र अनुज कुमार और घनश्याम राय को सट्टे की पर्चियां एवं नगदी के साथ गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से सट्टे की आठ पर्चियां एवं 5870 रूपये की नगदी भी बरामद की। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर तीनों सटोरियों के खिलाफ 13 जुआ अधिनियम में मामला पंजीकृत कर कार्रवाई की है।

## होली के त्योहार पर महिलाओं को मुफ्त मिले घरेलू गैस सिलेंडर पर ग्रहणियों ने जताई खुशी

### मोदी और योगी सरकार की मुफ्त गैस सिलेंडर योजना की सराहना करते हुए दिया धन्यवाद

### प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत जनपद की 100 लाभार्थी महिलाओं को मिले सब्सिडी चेक

### चेक पाकर महिलाओं के खिले चेहरे



**ललितपुर।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी के कर कमलों द्वारा दिनांक 12 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से लोकभवन सभागार, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के उज्जवला लाभार्थियों को नि:शुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी वितरण की गई। इस कार्यकम का सजीव प्रसारण जनपद में बुधबार पूर्वान्ह 10:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में एल0ई0डी0/ प्रोजेक्टर टी0वी0 के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति राज्य मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन उ0प्र0 शासन मनोहर लाल पंथ , सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत 100 लाभार्थियों को आमंत्रित कर सजीव प्रसारण कार्यक्रम सम्पादित कराया गया।

कार्यकम समापन के उपरांत उपस्थित समस्त लाभार्थियों को राज्यमंत्री, विधायक, जिलाधिकारी तथा ज़िला पूर्ति अधिकारी द्वारा सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए, इन लाभार्थियों में रामदेवी, शिवजा, भागवती, उर्मिला, सावित्री, कुसुमदेवी, रमेशरावारी, संगीता, नाजरीन, भागवती, नीता, सुन्दरबाई, शारदा आदि लाभार्थियों को शामिल थीं। अन्त में राज्यमंत्री जी एवं विधायक जी द्वारा सम्बोधन किया गया तथा जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र द्वारा सभी आभार व्यक्त करते हुये कार्यक्रम का समापन किया गया।

## यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने सीतापुर में पत्रकार की हत्या के विरोध में पत्रकारों में आक्रोश

### जिला मुख्यालय के साथ तहसीलों में गरजे पत्रकार

### मुख्यमंत्री योगी को ज्ञापन भेजकर हत्यारोपियों को ठोस सजा व प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाये जाने को की मांग

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर में गोली मारकर पत्रकार की हत्या कर दिए जाने के विरोध में बुधवार को जिला मुख्यालय सहित जनपद की सभी तहसीलों के पत्रकारों ने यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर हत्यारोपियों पर ठोस कार्यवाही एवं मृतक आश्रितों को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मड़ावरा रोशनी यादव को प्रेषित किया। ज्ञापन देते समय पत्रकारों में माफियाओं के खिलाफ खासा आक्रोश दिखाई दे रहा था।

बुधवार को यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन के आह्वान जिला मुख्यालय समेत जनपद की सभी तहसीलों में एक पत्रकार की हत्या से आक्रोशित पत्रकारों ने ज्ञापन दिया। इस दौरान पत्रकारों ने बताया कि आज के दौर में पत्रकारिता करना टेडी खीर साबित हो रहा है। प्रदेश में जहां देखो वहां पत्रकारों का उत्पीड़न किया जा रहा है, जिसमें अबैध कार्य करने वाले खनन कर्ता हो या भूमाफिया या कोई भ्रष्ट अफसर हर कोई अपने कुकृत्य छिपाने के लिए पत्रकारों का उत्पीड़न करने से बाज नहीं आ रहे, जिसमें पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे लिखवाना तो आम बात होती जा रही है। ऐसी स्तिथि में चौथा स्तंभ कहा जाने वाला पत्रकार कैसे निष्पक्ष कार्य कर करे सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की खुलेआम गोली मारकर हत्या कर दिया जाना शासन प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। ऐसी स्तिथि में पत्रकारों की सुरक्षा संबंधी कानून बनाया जाना पत्रकार हित मे अति आवश्यक है। तहसील मड़ावरा के पत्रकारों ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से उक्त घटना के हत्यारोपियों पर ठोस कार्यवाही किये जाने के साथ ही मृतक आश्रित परिवार को आर्थिक सहायता एवं सरकारी नोकरी दिए जाने की मांग करते हुए प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के लिए मांग की। जिला मुख्यालय पर ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा, रामरतन राय जिला मंत्री, कनैया लाल विश्वकर्मा संरक्षक तहसील,शिखर चंद्र जैन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेश कुमार कोन्तेय , अजय कुमार तोमर जिला महामंत्री, द्वारिका प्रसाद रैकवार तहसील उपाध्यक्ष धर्म सिंह कुशवाहा अध्यक्ष तहसील के साथ मड़ावरा में ज्ञापन देते समय पत्रकार राकेश वैध,प्रियंक सर्राफ, अजीज मोहम्मद,कृष्ण कुमार पांडे, संदीप मिश्रा, मोनू मिश्रा,सतीश नायक, प्रकाश लोधी, दीपक तिवारी,नवल कुशवाहा, नीलेश कुशवाहा अखिलेश साहू,वीरेंद्र सिंह सेंगर, विक्रम सिंह, रामजी तिवारी आदि उपस्तिथ रहे।

## दबंगों ने अधिवक्ता सहित तीन लोगों के साथ की मारपीट, तीनों जिला चिकित्सालय में भर्ती

### होटल पर चाय पीते समय दबंग मांग रहे थे होली का चंदा



**ललितपुर।** सस्र कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला पिसनारीबाग की मास्टर कॉलौनी में रहने वाले अधिवक्ता सहित तीन लोग जब पास के ही एक होटल पर देर शाम चाय पीने के लिए गए, तो वहां पर मोहल्ले के ही अपराधिक प्रवृत्ति के दबंग आ धमके और अधिवक्ताओं से होली का चंदा मांगने लगे। जब अधिवक्ताओं ने विपक्षियों को चंदा देने से मना किया, तब वह उग्र हो गए और सरेआम गाली गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट करने लगे। हालांकि वहां मौजूद कुछ लोगों ने उन्हें बचाया। इसके बाद घायल अधिबकता सहित तीनों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मुहल्ला पिसनारी की मास्टर कालोनी निवासी अधिवक्ता कुंवरराज पुत्र गुलाब सिंह राजपूत ने बताया कि वह मंगलवार की शाम साढ़े 7 बजे मुहल्ले की ही अमर होटल पर बैठकर चाय पी रहा था। उसी समूह मोहल्ला घुसयाना निवासी अपराधिक प्रवृत्ति का दबंग निखिल बाल्मीकि पुत्र सुरेश बाल्मीकि अपने तीन साथियों के साथ आया और होली के नाम पर अबैध रूप से दबाब बनाते हुए जबरन चंदा मांगने लगा। इस दौरान जब उसने चंदा देने से मना किया, तो दबँगों ने सरेआम गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। इसी दौरान बचाने आये मोहल्ले के ही उसके दोस्त विराट सिंह व राजेश कुमार के साथ भी जमकर मारपीट की, जिसमें उन्हें भी छोटे आई है। इस दौरान हुई छीना झपटी में उसके 740 रूपए भी कहीं गिर गए है। इसके बाद हुआ है मामले की शिकायत करने सदर कोतवाली पहुंचे जहां, पुलिस ने घायलों को मेडीकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा और कार्रवाई करने में लग गई है। बताते चलें कि आपराधिक प्रवृत्ति के दबंग निखिल वाल्मीकि पर कई आपराधिक मामले भी दर्ज हैं और वह सरेआम कई अपराधी घटनाओं को अंजाम भी दे चुका है। उक्त शातिर बदमास की गैंग के खौफ से इलाके के लोग काफी डरे हुए है।

## नगरीय क्षेत्र के साथ-साथ नगर पंचायत स्तर पर विकास कार्यों के लिए निधि हुई स्वीकृत

**ललितपुर।** 15वां वित्त आयोग निधि (टाइड एवं अनटाइड ग्रांट) एवं अवस्थापना निधि के अन्तर्गत जनपद की नगर निकायों को प्राप्त धनराशि के सापेक्ष नगर निकायों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में स्वीकृति प्रदान की गयी। उक्त बैठक में नगर पालिका परिषद द्वारा मु0 15.51 करोड़ के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये। जिलाधिकारी द्वारा उक्त प्रस्तावों के सापेक्ष टाइड ग्रांट व अवस्थापना निधि के मु0 10.77 करोड़ के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गयी तथा अनटाइड ग्रांट के अन्तर्गत विभिन्न वार्डो में प्रस्तावित निर्माण कार्यों का स्थलीय सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिये गये। सत्यापन आख्या प्राप्त होने के उपरान्त उक्त प्रस्तावों पर विचार किया जायेगा। इसी प्रकार नगर पंचायत तालबेहट, महरौनी एवं पाली में कमश: तालबेहट 57.22 लाख, 11.19 करोड़ एवं 35.35 लाख के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये, जिन्हें जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी।

## दुष्कर्म करने वाला शातिर मनचला अभियुक्त चड़ा पुलिस के हत्थे

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत खिरिया लटकंजू में रहने वाला एक शातिर सनकी किस्म के मनचले ने उस समय एक विवाहिता के घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया, जब उसने उक्त मनचले के साथ जबरन विवाह करने से इनकार कर दिया। घटना को अंजाम देकर फरार हुआ मनचला पुलिस की कार्यवाही में गिरफ्तार किया गया। इसके बाद महरौली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बताया गया है कि सनकी आशिक ने विवाहिता का फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया था।

जनपद में अपराध अपराधियों पर लगाम लगाए जाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग और गस्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान जब कोतवाली महरौली पुलिस अपने इलाके में ग्रस्त कर रही थी तभी उसने ग्राम खिरिया लटकन जु से मुखर की सूचना के आधार पर एक विवाहिता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले शातिर सनकी अभियुक्त 29 बर्षीय अजय पुत्र भगतराम निवासी ग्राम खिरिया लटकन्जू को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताया गया है कि उक्त शातिर अभियुक्त गांव में ही रहने वाली एक विवाहिता पर डोरे डाकलर अपने साथ विवाह करने के लिए मजबूर कर रहा था। जब विवाहिता ने उसकी बात मानने से इनकार कर दिया, तो उसने एक दिन मौका पाकर उसके घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कार्फ की घटना को अंजाम दिया था। इसके साथ ही उसने कई बार महिला का आपत्तिजनक फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया था।

# नगर निगम सदन की बैठक में मेयर नहीं दे पा रहे थे पार्षदों के सवालों का जवाब



### नगर निगम नहीं मुक्त करा पा रहा भूमाफिआयों के कब्जे अपने जमीन

### निगम की महिला अधिकारी ने कहा वार्ड नम्बर नहीं मुहल्ले का नाम बताइये मुझे वार्ड नंबर नहीं पता

### बैठक में वर्ष 2025-26 का तीन अरब उनसठ करोड़ छियानवे लाख पचहत्तर हजार रुपए का बजट पारित

### बैठक में ऐसे माननीय रहे मौजूद जिन्हे नगर निगम से कोई लेना देना नहीं

**झांसी।** नगर निगम सदन की बजट बैठक में निर्माण कार्य, हैंडपंप लगवाने तथा व्यय के कुछ मदों को लेकर पार्षदों की अफसरों से जमकर हुई। लेकिन बैठक समाप्त होने के बाद नगर निगम कार्यालय परिसर में होली के रंग बरसने लगे। जो पार्षद कुछ देर पहले सदन की बैठक में अफसरों को घेरते दिखाई दे रहे थे बाहर निकलने पर एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते दिखाई दिए। खट्टी मीठी तकरार के बाद नगर निगम का वर्ष 2025-26 का तीन अरब उनसठ करोड़ छियानवे लाख पचहत्तर हजार रुपए का बजट पारित कर दिया गया।

बुधवार को नगर निगम सभागार में दोपहर बारह बजे महापौर बिहारी लाल आर्य की अध्यक्षता में बजट बैठक प्रारंभ हुई। इस दौरान पदेन सदस्य शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी व एमएलसी रमा निरंजन मौजूद रहीं। बैठक प्रारंभ होते ही पार्षद नरेंद्र नामदेव ने सवाल उठाने शुरू किए इस पर कन्हैया कपूर ने कहा कि पहले बजट पर चर्चा हो जाए उसके बाद अन्य विषयों पर बात हो जाएगी। इस पर संजीव कुमार ने कहा कि बैठकें सिर्फ बजट और पुनरीक्षित बजट को लेकर होती हैं, महानगर के वार्डों की समस्याओं पर हम कब चर्चा करेंगे। सुनील नैनवानी ने भी महापौर को घेरते हुए कहा कि पिछली तीन बैठकों में सिर्फ बजट पर ही बात हुई है। महानगर की समस्याओं के निदान के लिए चर्चा कब करेंगे। इस दौरान अन्य पार्षदों ने इसका समर्थन करते हुए कहा कि हम लोग जनता के प्रतिनिधि हैं और उनकी समस्याओं का सदन के माध्यम से निराकरण कराना हमारा दायित्व है। इस बीच उमेश जोशी ने कहा कि वर्ष 2023 में हर वार्ड में दो-दो हैंडपंप लगाने को सदन ने मंजूरी दी थी। वह हैंडपंप कहां लगाए गए हैं, हमें इसकी जानकारी दी जाए। इस पर मुख्य अभियंता राजवीर सिंह ने बताया कि 50 वार्डों में हैंडपंप लगाए जा चुके हैं। पूरा पेमेंट करने पर यूपी एग्रो द्वारा बाकी के10 वार्डों में भी हैंडपंप लगाएगा। इस पर नेता सदन दिनेश प्रताप सिंह बुंदेला व अन्य पार्षदों ने 10 वार्डों की सूची तलब की तो मुख्य अभियंता जवाब नहीं दे सके। इसके बाद पार्षदों ने कहा कि यूपी एग्रो की बजाए किसी अन्य एजेंसी को हैंडपंप लगवाने का काम दिया जाए, जिससे काम समय पर हो। इसके बाद हैंडपंप को लेकर कमोबेश हर वार्ड के पार्षद ने अपनी मांग रख दी। इसके नेता सदन ने कहा कि जहां वर्ष 23 में हैंडपंप लगाए जा चुके हैं वहां इस वर्ष 2-2 हैंडपंप लगवाए जाएं। जहां बीते वर्षों में हैंडपंप नहीं लगाए गए हैं वहां प्राथमिकता के आधार पर 4-4 हैंडपंप लगवाए जाएं। पार्षद समय से सूची दे दें ताकि इसी वर्ष हैंडपंप लगाए जा सकें। वहीं सुलेमान मंसूरी ने कहा कि उनके वार्ड 48 में पाइप लाइन नहीं है। यहां प्राथमिकता पर हैंडपंप लगाने चाहिए। नगर निगम सदन के समक्ष बिजली विभाग अधिशासी अभियंता रेनू वर्मा और जल निगम के अधिशासी अभियंता मुकेश पाल से भी पानी और बिजली की समस्या पर पार्षदों ने सवाल किए।

इस दौरान नगर निगम की जमीनों पर हुए अवैध कब्जों को हटवाकर उन्हें सुरक्षित करने की बात उठाई गई। कन्हैया कपूर ने कहा कि उनके वार्ड में एक एकड़ भूमि पर लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। वहीं अंकित सहारिया ने कहा का तहसील ने जिस जमीन की पैमाइश करके नगर निगम की जमीन बताया था उसी जमीन को कुछ वर्ष बाद किसी और की घोषित कर दिया। ऐसे लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं एक अन्य पार्षद ने कहा कि सीपरी बाजार खालसा स्कूल के पास 19 एकड़ जमीन का कोई अता पता नहीं है। इस जमीन से अतिक्रमण और अवैध कब्जे कब हटाए जाएंगे। इतना ही नहीं शिक्षक विधायक डॉ.बाबूलाल तिवारी ने कहा कि ग्राम बूढ़ा की सरकारी जमीनों पर कुछ लोग बेतहाशा कब्जे करके प्लाटिंग कर रहे हैं। इन्हें रोकना जरूरी है। वहीं कामेश अहिरवार ने कहा कि नगर निगम की जमीन पर लोगों ने बोर्ड हटाकर कब्जा कर लिया है। उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। बैठक में शिक्षक विधायक डॉ.बाबूलाल तिवारी, एमएलसी रमा निरंजन, नगर आयुक्त सत्यप्रकाश, अपर नगर आयुक्त मुहम्मद कमर, रोली गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अफसर मौजूद रहे।

# प्रेमी और उसके साथी को आजीवन कारावास

### बहन के प्रेमी ने कर दी थी भाई की हत्या

**झांसी।** न्यायालय विशेष न्यायधीश (दस्यु प्रभावित क्षेत्र) पवन कुमार शर्मा की अदालत ने बहन के प्रेमी और उसके साथी को आजीवन कारावास और पचास-पचास हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। बताया गया है कि एक साल पहले युवती के भाई की उस समय हत्या कर दी थी, जब उसने बहन के प्रेमी को घर आने का विरोध किया था।

विशेष शासकीय अधिवक्ता विपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि ग्राम खैरा निवासी गोपाल ने रक्सा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी पुत्री का विवाह मध्यप्रदेश के जिला डबरा में संतोष के साथ हुआ था। उसकी पुत्री वही रह रही थी। 14 फरवरी 2024 को पड़ोस का रहने वाला जितेंद्र पाल उसकी पुत्री को भगाकर ले गया था। जब उसने पुलिस में शिकायत की थी उसकी पुत्री ओर जितेंद्र पाल दोनों डबरा थाने पहुंचे और दोनों पक्ष में आपसी सहमति पर सुलह नामा हो गया था। इसके बाद वह अपनी पुत्री को अपने घर ले आया था। उसने बताया कि 23 फरवरी को पिछोर शंकर गढ़ निवासी जितेंद्र पाल अपने साथी दतिया के गोराघाट निवासी बृजकिशोर के साथ बाइक (एमपी 32 जेड ए 6815) से उसके घर आया और पुत्री से बातचीत करने लगा। तभी गोली चलने की आवाज सुनकर वह लोग मौके पर पहुंचे तो देखा गोपाल का पुत्र अंगद खून से लतपथ पड़ा था और जितेंद्र व बृजकिशोर हाथ में तमंचा लेकर बाइक से भाग रहे थे। उन्होंने तत्काल अंगद को अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। बाद में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने बताया था कि मृतक अंगद की बहन की जितेंद्र से दोस्ती थी। इस पर जितेन्द्र उससे मिलने आता था जिसका अंगद विरोध करता था। घटना वाले दिन जितेंद्र अपने साथी के साथ मृतक अंगद की बहन को ले जा रहा था। इसका अंगद ने विरोध किया तो उन्होंने तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी थी।

शासकीय अधिवक्ता विपिन कुमार मिश्रा द्वारा की गई कठोर पैरवी के चलते दोनों आरोपियों पर हत्या का आरोप सिद्ध हो गया। इस पर न्यायालय ने दोनों को आजीवन कारावास ओर पचास - पचास हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है।

# महिला वार्ड में हाल-चाल पूंछते ही तो भड़क गई महिलाएं

### भर्ती महिलाओं ने कहा हो रही इलाज में लापरवाही

### समाज के लिये महिलाओं का शिक्षित और सशक्त होना अति आवश्यक है



**झांसी।** यूपी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान और सदस्य राज्य महिला आयोग अनुपमा सिंह लोधी ने महिला वार्ड में भर्ती महिलाओं से उनका हाल-चाल जाना, साथ ही अस्पताल में दी जा रही चिकित्सा सेवा, भोजन एवं औषधि वितरण की गुणवत्ता की जानकारी भी ली। इस पर वार्ड में भर्ती महिलाएं भड़क गई। उन्होंने इलाज में लापरवाही करने का आरोप लगाया है।

उन्होने नर्सिंग स्टाफ को निर्देशित करते हुये कहा कि भगवान का दूसरा नाम डॉक्टर है। समाज के लिये महिलाओं का शिक्षित और सशक्त होना अति आवश्यक है, आप सभी सदैव ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों को पूर्ण करें। समाज में महिलाओं के प्रति लोगों के दृष्टिकोण में परिवर्तन लाने हेतु महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक रहना चाहिए।

अध्यक्षा द्वारा स्त्री रोग विभाग का निरीक्षण किया गया, यहां पर अध्यक्ष, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग डॉ. हेमा जे. शोभने ने बताया कि मेडिकल कालेज के इस विभाग प्रसव हेतु आने वाली गर्भवती स्त्रियों के प्रसव के लिये 24 घण्टे रोस्टर के अनुरुप चिकित्सकों के साथ चार नर्सिंग स्टाफ की तैनाती रहती है। उन्होने बताया कि प्रसव हेतु आने वाले गम्भीर मरीजों को नि:शुल्क रक्तदान की सेवा भी उपलब्ध करायी जाती है, इस हेतु समय-समय पर हमारे द्वारा एनजीओ के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किये जाते है। निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज डॉ. मयंक सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सचिन माहौर, विभागाध्यक्ष स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग डॉ. हेमा जे. शोभने, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार पटेल, अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र पाल सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण, चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहा।

### निरीक्षण में मिले माईनर ओटी के फर्श के टाईल्स क्षतिग्रस्त

निरीक्षण के क्रम में मेडिकल कालेज के इमरजेन्सी वार्ड में पीडियाट्रिक विभाग, माईनर ओटी, एक्स-रे रुम, नर्सिंग स्टाफ रुम का निरीक्षण किया गया, यहां पर पीडियाट्रिक कक्ष में अध्यक्षा द्वारा उपचार हेतु भर्ती बच्चों के अभिभावकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। माईनर ओटी के निरीक्षण में फर्श के टाईल्स क्षतिग्रस्त पाए गए, जिन्हें दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। नर्सिंग स्टाफ रुम के निरीक्षण में नर्सिंग स्टाफ उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया, यहां पर उपस्थित कार्मिक द्वारा बताया गया कि इमरजेन्सी वार्ड में प्रतिदिन 50-60 मरीज सर्जरी के उपचार हेतु आते है।

### शौचालय की प्रतिदिन नियमित रुप से हो साफ - सफाई

अध्यक्षा द्वारा चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिये गये कि नर्सिंग स्टाफ की संख्या में वृद्धि लाये, जिससे स्टाफ की कमी के कारण उपचार हेतु आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पे। उन्होने यह भी निर्देश दिये कि इमरजेन्सी वार्ड में स्थित शौचालय की प्रतिदिन नियमित रुप से साफ-सफाई करायें, जिससे मरीजों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पे।

### मरीजों के उपचार में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो

अध्यक्षा ने मेडिकल कालेज के चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिये कि नर्सिंग स्टाफ, वार्डन स्टाफ एवं कार्यदायी संस्था द्वारा तैनात आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से संज्ञान लें, जिससे भर्ती मरीजों के उपचार में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो सके।

# कुल्ही से प्रहार कर की थी गंगाराम की हत्या



### सेक्टर रोड को लेकर हुआ था विवाद आरोपी गिरफ्तार

**झांसी।** ग्राम डुमरई में मामूली विवाद के चलते एक किसान की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

विवरण के मुताविक पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) गोपीनाथ सोनी ने बताया कि 1 मार्च को ककरबई थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरई में रहने वाला गंगा प्रसाद का शव खून से लथपथ हालात में खेत पर पड़ा मिला था। इस मामले में लक्ष्मी देवी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए ककरबई थाना प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार साहू के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। यह टीम आरोपी की तलाश में लगी थी, तभी जानकारी मिली कि गांव में रहने वाले रमेश विश्वकर्मा ने गंगा प्रसाद की मामूली विवाद के चलते कुल्हाड़ी मारकर हत्या की है। इस मामले में पुलिस ने रमेश विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का कहना है कि उसके तथा गंगा प्रसाद के बीच खेत पर रास्ता निकालने को लेकर कहासुनी हो गई थी। इन्हीं कारणों के चलते उसने गंगा प्रसाद की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी थी। गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश किया। वहां से उसे जेल भेजा गया।

# जिले की रैकिंग में आई गिरावट, अफसर ने जताई नाराजगी

### संतोषजनक रैंकिंग न होने वाले अधिकारियों को दी नसीहत



**झांसी।** मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित अधिकारियों के साथ विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई। सीडीओ ने जिले की रैकिंग में आई गिरावट पर नाराजगी जताई है। सीडीओ ने एनआरएलएम, पर्यटन, फैमली आईडी, लोक निर्माण विभाग नई सड़कें, सहित अन्य विभागों को खरी खोटी सुनाई है।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को ताकीद करते हुए कहा कि स्वयं पोर्टल का निरीक्षण करें और कार्यों का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। सीडीओ ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों से संबंधित प्रपत्रों की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी अब अपनी विभागीय योजनाओं की लगातार समीक्षा करें ताकि रैंकिंग में सुधार लाया जा सके।

उन्होंने नोडल विभाग पर्यटन की 13 प्रगतिशील योजनाओं में सी श्रेणी प्राप्त होने पर नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने विभागीय कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि भौतिक प्रगति के सापेक्ष प्रगति को बढाया जाये, इसके साथ ही सभी परियोजनाओं के टैंडर आदि पूर्ण करते हुए सभी कार्य पूरे किए जाएँ।

मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद ने ऐसे विभागों को टारगेट किया जिनकी जनपद में रैंकिंग सी एवं डी श्रेणी में हैं। उन्होंने कहा कि समस्त विभागीय अधिकारी जो नोडल अधिकारी भी हैं अपने माह के लक्ष्य के दृष्टिगत कार्य करते हुए डाटा डैशबोर्ड पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें ताकि रैकिंग को बेहतर किया जा सके।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वरुण कुमार पाण्डेय, सीएमओ डॉ सुधाकर पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी नमामी गंगे योगेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग रजनीश गुप्ता, डीएसटीओ सुजान सिंह लोधी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व विभिन्न कार्यदाई संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रम करेगा आयोजित



**झांसी।** उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय पटवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल को 25 वर्ष होने जा रहे हैं। रजत जयंती वर्ष को उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल द्वारा संगठन वर्ष के रूप में घोषित किया है। व्यापार मंडल वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगा।

उन्होंने कहा कि प्रमुख रूप से राष्टीय स्तर का व्यापारी महाकुंभ, व्यापारी स्वाभिमान रथ यात्रा, विभिन्न विभागों के साथ व्यापारिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत गोष्ठी एवं सेमिनार, व्यापारी जागरूक वाहन रैली, मशाल जुलूस, विभिन्न बाजारों में व्यापारिक समस्या समाधान कैंप, व्यापार को प्रमोट करने के लिए व्यापारिक ट्रेड फेयर (प्रदर्शनी), व्यापारिक पत्रिका का प्रकाशन आदि का प्रमुख रूप से आयोजन करेगा।

उन्होंने कहा कि इन 25 वर्षों की यात्रा में व्यापार मंडल ने लगातार अनवरत रूप से व्यापारी हितों के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सहभागिता की एक और जहां उत्तर प्रदेश जप मंडल ने व्यापारिक समस्याओं का शासन व सरकार पर ध्यान आकर्षित करने के लिए इन 25 वर्षों में पांच बार बाजार बंदी कर अपना विरोध प्रकट किया है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के 17 प्रकोष्ठ एवं सहयोगी संगठन एवं विभिन्न जनपदों में 175 शाखाएं काम कर रही हैं उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के लगभग 45,000 सदस्य हैं, उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल की व्यापारिक गतिविधियों को देखते हुए देश का सबसे बड़ा व्यापारिक संगठन कैट ने उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल को अपना सहयोगी संगठन की मान्यता भी दी एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय पटवारी को कैट का राष्टीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाकर उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल की गरिमा को बढ़ाया है।

इस अवसर पर कैट के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह दांगी, अर्जुन सिंह, दिलीप अग्रवाल, अरुण गुप्ता, पंकज शुक्ला, अभिषेक सोनकिया, संजय सराफ, अजय चड्ढा, अंकुर वट्ठा, विवेक बाजपेई, संजय गुप्ता, धीरज राजपूत, मयंक परमार्थी, आदित्य ब्रह्मचारी, अनूप खरे, सौरभ हयारण, प्रदीप गुप्ता, रिंकू राय आदि उपस्थित रहे।

## समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया

**झांसी।** नगर में साहित्य और समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए साहित्यकार एवं समाजसेवी सम्मान समारोह एवं काव्य संध्या का भव्य आयोजन श्री मंडपम भेल में किया गया। यह विशेष कार्यक्रम अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अध्यक्ष रामकुमार पांडेय की धर्म पत्नी स्वर्गीय श्रीमती पुष्पा पांडेय की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें नगर के गणमान्य साहित्यकार, समाजसेवी एवं विद्वान शामिल हुए। इस समारोह में नगर धर्माचार्य आचार्य हरिओम पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा कि साहित्य और समाजसेवा समाज की आत्मा हैं। जो लिखता है, वह अमर होता है, कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यप्रकाश ताम्रकार ने की, जबकि डॉ. प्रताप नारायण दुबे, डॉ. बृजलता मिश्रा एवं डॉ. रविश त्रिपाठी जी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। काव्य संध्या में नगर के प्रतिष्ठित कवियों को सम्मानित किया गया। इन सम्मानित समाजसेवियों में प्रमुख रूप से शामिल थे किसान नेता प्रताप सिंह बुंदेला जी,सिमरावारी प्रधान प्रतिनिधि कोमल अहिरवार, अमित सोनी, विपिन गुप्ता, श्रीमती राजेश्वरी पटेल, काजू महाराज, महेंद्र कुमार गुप्ता,अरविन्द तिवारी, मुन्ना लाल शर्मा, राकेश शर्मा, डी एस त्रिपाठी, आदि रहे। समारोह के अंत में श्रीकांत पांडेय ने उपस्थित सभी साहित्यकारों, समाजसेवियों और अतिथियों के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया।

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
संपादकः बालेन्द्र गुप्ता पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9936277530, 9450071944, ई-मेलः balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946